संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-206 मंगलवार,28 मई 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# बिभव कुमार को तीस हजारी कोर्ट से मिला झटका

### » जमानत याचिका खारिज...हाईकोर्ट जाएंगे केजरीवाल के करीबी



**नई दिल्ली,27 मई 2024(ए)।** अदालत ने सोमवार को स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। तीस हजारी कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील अनुज त्यागी ने यह आदेश पारित किया। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को कुमार को गिरफतार किया था। उसके बाद उन्हें पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। 24 मई को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि केजरीवाल के आवास पर कुमार ने उनके साथ मारपीट की।

बिभव कुमार के वकील ने अदालत को बताया कि वह बिना बुलाए मुख्यमंत्री आवास पर आई और जबरन घर में घुस गई। अदालत को बताया गया कि उन्हें किसने बुलाया था। क्या उन्हें बुलाया गया था। वकील ने सवाल उठाया कि मालीवाल ने उसी दिन पुलिस में शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराई और उनकी जांच दिल्ली के किसी सरकारी अस्पताल में क्यों नहीं कराई गई, बल्कि एम्स में कराई गई। कहानी को सही साबित करने के लिए सब कुछ पहले से ही योजनाबद्ध था। इन सबके बीच दिल्ली पुलिस ने अदालत को बताया कि मालीवाल को सीने और गर्दन पर मारा गया और घसीटा गया, इस दौरान उनका सिर टेबल से टकरा गया था। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल का वीडियो फुटेज गायब है। यह तकनीकी समस्या के कारण हो सकता है या इसे जानबूझकर हटाया गया हो सकता है। वह एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। लोग उनसे तब भी संवाद कर रहे थे, जब मुख्यमंत्री के साथ उनकी सेवाएं समाप्त हो चुकी थीं।

### सोशल मीडिया पर निशाना बनाया जा रहा : मालीवाल

इसके अलावा स्वाति मालीवाल ने व्यक्तिगत रूप से अदालत को बताया कि आप नेताओं और उनकी सोशल मीडिया टीम की ओर से उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यू-ट्यूबर ध्रुव राठी के वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि घटना पर वीडियो प्रकाशित करने के बाद से उन्हें जान से मारने और बलात्कार की धमकियां मिल रही हैं। मालीवाल ने कहा कि अगर बिभव कुमार को बाहर आने दिया गया, तो उनके और उनके परिवार की जान को गंभीर खतरा हो जाएगा।

### जब कोर्ट में रो पड़ीं महिला सांसद

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने सोमवार को बिभव कुमार की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि यदि आरोपी को बेल दी गई तो वह उनके लिए खतरा बन जाएगा। मुख्यमंत्री आवास में खुद को पीटे जाने का आरोप लगाने वालीं स्वाति ने तीस हजारी कोर्ट में सुनावी के दौरान आम आदमी पार्टी पर भी बड़ा आरोप लगाया और कहा कि उनके खिलाफ ट्रोल मशीनरी लगा दी गई है। दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि शिकायत देने के बाद पार्टी ने उन्हें बीजेपी का एजेंट बता डाला। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि वह आरोपी को साथ लेकर घूम रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार ने जमानत के लिए याचिका दायर की है। सोमवार को उनकी याचिका पर लंबी सुनवाई हुई।

## संक्षिप्त खबर

### फॉरेंसिक विभाग के एचओडी समेत 2 डॉक्टर गिरफ्तार

**पुणे,27 मई 2024(ए)।** महाराष्ट्र के पुणे में 19 मई को हुए पोर्श स्पोर्ट्स कार हादसे में पुलिस ने फॉरेंसिक डिपार्टमेंट के हेड यानी एचओडी समेत 2 डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। इन पर नाबालिग



आरोपी के ब्लड सैंपल को गायब करने का आरोप है। ब्लड सैंपल में हेराफेरी करने से ही आरोपी में शराब की पुष्टि नहीं हुई थी। जबकि वह हादसे के वक्त शराब के नशे में था।

### फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली,27 मई 2024 (ए)।.** आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से फिर राहत की मांग की है। ताजा मामले में सीएम केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर अपनी अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की मांग की है।सीएम केजरीवाल ने अपनी ताजा याचिका में स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत सात दिन और बढ़ाने की मांग की है, जिसमें यह भी शामिल है कि उनका सात किलोग्राम वजन कम हो गया है। याचिका में कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल को कुछ मेडिकल परीक्षणों से गुजरना होगा और इस उद्देश्य के लिए अंतरिम जमानत, जो 1 जून को समाप्त हो रही है, उसको बढ़ाया जाना चाहिए। याचिका में बताया गया है कि मुख्यमंत्री को पीईटी-सीटी स्कैन और अन्य टेस्ट से गुजरना होगा। इसलिए सीएम केजरीवाल ने जांच कराने के लिए 7 दिन का समय मांगा है।

# कोर्ट ने दोनों आरोपियों को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा



**नई दिल्ली,27 मई 2024(ए)।** दिल्ली के विवेक बिहार स्थित बेबी केयर सेंटर अग्निकांड मामले के दोनों आरोपियों कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड पर भेज दिया है। इस अग्निकांड में सात बच्चों की मौत हो गई थी। पकड़े गए दोनों आरोपी डॉक्टर हैं। कोर्ट ने आरोपी नवीन और आकाश को 30 मई तक पुलिस रिमांड पर भेजा है।

31 मार्च को खत्म हो गई थी एनओसीडीसीपी शाहदरा सुरेंद्र चौधरी के मुताबिक, जांच में पता चला कि अस्पताल की एनओसी भी 31 मार्च को समाप्त हो गई थी और अस्पताल को पांच बेड तक की अनुमति थी लेकिन उन्होंने 10 से अधिक बेड लगाए थे। इसके अलावा आपात की स्थिति में बाहर निकलने के लिए फायर एग्जिट सिस्टम भी नहीं था। इसलिए एफआईआर में आईपीसी की धारा 304 और 308 जोड़ दी है।

### इन बच्चों की हुई मौत...

✷. भजनपुरा के चंदू नगर निवासी मसी आलम की पत्नी सितारा ने दिलशाद गार्डन के एक अस्पताल में बुधवार को बेटे को जन्म दिया था। जन्म के बाद से ही बच्चे को छाती और खून में संक्रमण था। वहां से बच्चे को बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल में रेफर किया गया था। महंगा होने के बावजूद मजदूरी करने वाले मसी आलम बेटे का यहां इलाज करवा रहे थे। इनकी तीन साल की एक बेटी है।

✷.. विवेक विहार के ज्वाला नगर निवासी विनोद और ज्योति के यहां शनिवार तड़के बेटे ने जन्म लिया था। जन्म के बाद से उसे सांस लेने में तकलीफ थी। परिवार ने उसे बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल में भर्ती कराया था। विनोद का छह साल का बेटा है। इनका ऑनलाइन सामान बेचने का कारोबार है। परिवार को आग लगने की जानकारी सुबह टीवी से मिली।

✷. बुलंदशहर निवासी रितिक और निकिता के यहां 17 मई को बुलंदशहर के अस्पताल में बेटे ने जन्म लिया था। उसे सांस लेने में दिक्कत थी। इस वजह से अपने जानकार डॉक्टर के कहने पर उसे बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल में भर्ती कराया था। रितिक को भी अस्पताल में आग लगने की सूचना टीवी से ही मिली।

✷. मूलरूप से बागपत के रहने वाले पवन और इनकी पत्नी भारती के यहां 18 मई को बेटी ने जन्म लिया था। उसके पेट में संक्रमण था। उसे बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल में रेफर किया गया था। पवन यूपी पुलिस में सिपाही हैं। उनको आग लगने की सूचना रिश्तेदार ने दी। दो साल पहले ही पवन व भारती की शादी हुई थी।

✷. साहिबाबाद (गाजियाबाद) निवासी राजकुमार और उमा की 17 दिन की बेटी थी। उसे लगातार बुखार और संक्रमण था। दो दिन पहले ही उसे एडमिट किया था। राजकुमार माली है। बेटी की मौत के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

✷. कृष्णा नगर के कांति नगर निवासी अंजार और नूरजहां के यहां 15 मई को बेटी ने जन्म लिया था। जन्म के समय उसके पेट में गंदा पानी चला गया था। इसकी वजह से बेटी को संक्रमण हो गया था। हादसे में अंजार की बेटी की भी मौत हो गई।

✷. गाजियाबाद के गांव जावली निवासी नवीन और कुसुम के यहां शालीमार गार्डन के एक निजी अस्पताल में बृहस्पतिवार को बेटे ने जन्म लिया था। सांस लेने में दिक्कत के बाद उसे बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आग लगने से पहले ही शनिवार 10.30 बजे नवजात की बीमारी से मौत हो गई। परिजन रात होने की वजह से शव लेकर नहीं गए। इस बीच रात में हादसा हुआ तो नवीन के बेटे का शव भी झुलस गया। उसकी मौत हादसे में नहीं हुई है।

## नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर किया याद

### कई अन्य कांग्रेसी नेताओं ने नेहरू को पुण्यतिथि पर याद किया



**नई दिल्ली,27 मई 2024 (ए)।**देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कई प्रमुख हस्तियों ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी।

## ममता बनर्जी ने कहा...मैं पीएम मोदी को मंदिर बनवाने दूंगी जगह लेकिन...



**कोलकाता,27 मई 2024 (ए)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री के बयान को लेकर उन पर कटाक्ष किया है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अगर सच में भगवान के द्वारा भेजे गए हैं तो लोग उनके लिए मंदिर बना देंगे।

ममता ने कहा कि मगर शर्त ये रहेगी कि पीएम मोदी को देश को परेशान करना बंद करना होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें लगता है कि भगवान ने उन्हें भेजा है। बंगाल सीएम ने कहा, पीएम मोदी कहते हैं कि उनके जैविक माता-पिता नहीं हैं। वे कह रहे हैं कि उन्हें भगवान ने धरती पर भेजा है। वे यह भी कह रहे हैं कि 2047 तक वे भगवान के भेजे दूत के रूप में रहेंगे।

उन्होंने कहा, अगर वह सच में भगवान हैं तो अच्छी बात है। मगर भगवान तो राजनीति नहीं करते। वे ना तो लोगों को बुरा बोलते हैं और ना ही दंगों में उन्हें मारते हैं. वे झूठ भी नहीं बोलते।

ममता बनर्जी ममता बनर्जी ने पीएम पर तंज कसते हुए कहा, मैं आपको जगह दूंगी, ताकि आप मंदिर बना सकें और अपनी फोटो रख सकें। हम लोग तुलसी के पत्ते भी चढ़ाएंगे और धूपबत्ती भी जलाएंगे और यहां तक कि पुजारी भी नियुक्त कर देंगे। आपको हर दिन मिठाई और फूल भी चढ़ाई जाएगी। आपको ढोकला और खिचड़ी चढ़ाएंगे, ताकि आप वहां पर बैठें और कृपया भारत को परेशान करना बंद कर दें। आपके झूठ की भी कोई एक सीमा होनी चाहिए।

# काले कोट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली,27 मई 2024(ए)।.** काला कोट वकीलों की पहचान माना जाता है, लेकिन गर्मी में यह रंग न पहनने की सलाह दी जाती है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में भी एक याचिका दाखिल की गई है, जिसमें गर्मियों के दौरान वकीलों के ड्रेस कोड में राहत देने की अपील की गई है। इसके तहत मांग गई है कि वकीलों को गर्मियों के दिनों काला कोट न पहनने की छूट दी जाए। याचिका में अदालत से मांग की गई है कि एडवोकेट ऐक्ट, 1961 के नियमों में संशोधन किया जाए। इससे वकीलों को गर्मी के दिनों में काला कोट पहनने से राहत मिल सकेगी।



याचिका में कहा गया है कि अदालत सभी राज्यों के बार काउंसिल को इस संबंध में आदेश दे। इसके तहत उन महीनों की सूची तैयार की जाए, जब काला कोट पहनना गर्मी के चलते मुश्किल भरा हो सकता है। अर्जी में कहा गया है कि गर्मी के दिनों में भी काला कोट पहनने से होने वाले नुकसान के अध्ययन के लिए एक कमेटी का भी गठन किया जाए, जिसमें मेडिकल एक्सपर्ट्स हों। याची ने कहा कि इस बात की स्टडी तो होनी ही चाहिए कि कैसे गर्मी के दिनों में काला कोट पहनने से सेहत, कार्य क्षमता पर विपरीत असर पड़ सकता है। एडवोकेट शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने बेंच से अपील की है कि परंपरागत ड्रेस कोड के नियमों में छूट दी जाए। इसकी वजह यह है कि देश के मैदानी इलाकों में गर्मी के दिनों में तापमान बहुत ऊपर चला जाता है। ऐसा लगातार कई महीनों तक होता है और उस स्थिति में काला कोट पहनना मुश्किल भरा होता है। याची ने कहा कि काला कोट पहनने की परंपरा ब्रिटिश दौर से जुड़ी हुई है, लेकिन यह हमारे लिए सही नहीं है। याची ने कहा कि ब्रिटेन के मौसम की परिस्थिति अलग थी और हमारे यहां माहौल दूसरा होता है। इसलिए गर्मी के दिनों में ऐसी ड्रेस पहनना ठीक नहं है।

याची ने कहा कि काला रंग गर्मी को आकर्षित करता है। इसकी वजह से गर्मी से वकीलों को तपना पड़ता है और उससे उनकी कार्यक्षमता पर भी असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि सभी को अधिकार है कि वह सुरक्षित माहौल में काम कर सके। वकीलों को मोटे काले कोटों का पहनना मुश्किल भरा होता है। इससे उनके लिए कामकाज की स्थिति असुरक्षित और मुश्किल भरी होती है। यह असुविधाजनक है। इससे सुरक्षित वर्कप्लेस का अधिकार भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले ही किसी बीमारी का शिकार हैं, उनके लिए तो यह और मुश्किल भरा हो सकता है।

# शादी में बिन बुलाए मेहमानों को पुलिस ने बनाया अपना मेहमान

**अमृतसर,27 मई 2024(ए)।.** शादी में बिन बुलाए मेहमानों द्वारा चोरी की वारदाते की जाती है। ऐसे ही चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर अपना मेहमान बना लिया है। शादी समारोह में फोटोग्राफर का कैमरा चोरी किया गया। पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों चोर शादी समारोह में बिन बुलाए मेहमान थे। पुलिस ने अब दोनों को अपना मेहमान बना लिया है।उनसे शादियों में हुई और चोरियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। हरविंदर सिंह निवासी अजीत नगर सुल्तान विंड रोड में पुलिस को बताया वह फोटोग्राफर का काम करता है। फैशन पैलेस में शादी समारोह में फोटोग्राफी करने के लिए गया था। इसी दौरान वहां पर उनका लाखों रुपए की कीमत का कैमरा चोरी हो गया है। थाना वेरका की पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरा की फुटेज की मदद से कैमरा चोरी करने वालों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुरेशपाल सिंह निवासी नजदीक गुरुद्वारा बाबा जीवन सिंह गांव मानना वाला और अजय पाल सिंह उर्फ कट्टा निवासी गांव विशंभरपुरा के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है. उनसे और पूछताछ जारी है।



## मालेगांव के पूर्व मेयर एआईएमआईएम नेता अब्दुल मलिक पर ताबड़तोड़ फायरिंग

**नासिक,27 मई 2024(ए)।**

महाराष्ट्र से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां मालेगांव के पूर्व मेयर अब्दुल मलिक मोहम्मद यूनुस ईसा को 26 मई की देर रात अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी है। गोली उनके बायीं छाती, बायीं जांघ और दाहिने हाथ में लगी है। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मालेगांव के सरकारी अस्पताल से नासिक रेफर कर दिया गया है।



अब्दुल मलिक, असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के एक प्रमुख नेता हैं। अब्दुल मलिक रविवार की रात करीब डेढ़ बजे मुंबई-आगरा राजमार्ग के किनारे एक रेस्तरां के बाहर अपने दोस्तों के साथ चाय पी रहे थे। तभी आए बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से मलिक जमीन पर गिर गए। इसके बाद हमलावर भागने लगे। लेकिन भागने से पहले भी मलिक पर कई राउंड फायरिंग की। हमले में मलिक को तीन गोलियां लगीं और उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।पुलिस के अनुसार, मलिक को छाती के बायीं ओर,बायीं जांघ और दाहिने हाथ पर चोटें आईं। चूंकि चोटें गंभीर थीं, इसलिए एआईएमआईएम नेता को नासिक के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया।



## गेमिंग जोन हादसे में 6 अधिकारियों को किया गया सस्पेंड

**राजकोट,27 मई 2024(ए)।** गुजरात के राजकोट में गेमिंग जोन में आग लगने से अब तक 28 लोगों की मौत हो गई हैं, जिसमें 12 बच्चे हैं। इस मामले में प्रशासन ने छह अधिकारियों को सस्पेंड किया है। राजकोट नगर निगम के दो अधिकारी असिस्टेंट इंजीनियर जयदीप चौधरी और टाउन प्लानर गौतम जोशी को सस्पेंड किया गया है। इसके साथ ही सड़क एवं निर्माण विभाग के दो अधिकारी एडिशनल इंजीनियर पारस कोठिया और डिप्टी इंजीनियर एम आर सुमा को भी सस्पेंड किया गया है। वहीं, पुलिस विभाग के दो अधिकारी पुलिस इंस्पेक्टर एन आर राठौड़ और पुलिस इंस्पेक्टर वी आर पटेल पर भी गाज गिरी है। बता दें इस बीच गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गंभीर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## संपादकीय

### कारावास का तात्पर्य सुधारना

देश में चल रही खुली जेलों के दायरे को कम करने का कोई प्रयास नहीं किए जाने का निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। अर्धखुली या खुली जेल व्यवस्था के तहत दोषियों को आजीविका कमाने के लिए दिन में परिसर से बाहर काम करके शाम को वापस लौटने की अनुमति दी जाती है। अदालत ने राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल व पश्चिम बंगाल को निर्देश दिया कि वे खुले सुधार संस्थानों की स्थापना, विस्तार व प्रबंधन पर अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं,लागू नियमों, दिशा-निर्देशों और अनुभव को राष्ट्रीय कानून सेवा प्राधिकरण के साथ साझा करें।खंडपीठ ने उल्लेख किया कि जेलों व कैदियों से संबंधित मामलों में न्याय मित्र वकील ने बताया कि केंद्र सरकार आदर्श मसौदा नियमावली के तहत खुले शिविरों/संस्थाओं/जेलों का नाम खुले सुधारात्मक संस्थान किया गया है।इन जेलों का मकसद न्यूनतम बंदिशों में कैदियों को समाज से तालमेल बिठाने व बाहर सामान्य जीवन जी कर मनोवैज्ञानिक दबाव कम करना है। सबसे बड़ी अदालत पहले भी कह चुकी है कि खुली जेलों की स्थापना जेलों में भीड़ का समाधान हो सकती है। इससे कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का समाधान भी हो सकता है। जैसा कि इन जेलों में चुनिंदा कैदियों को रहने की इजाजत होती है। उनके आचरण व अनुसाशन पर सख्त नजर रखी जाती है।जो कैदी तीन बार पैरोल पर जा चुके हों या जमानत से मिली अस्थाई रिहाई के दौरान उनके खिलाफ कोई शिकायत या अनुचित आचरण की कोई शिकायत न हो,उन्हें भी यहां रखा जाता है। जाहिर है, यह दोषियों के सुधार व उन्हें मौका देने का सकारात्मक तरीका है।ऐसा करने से निस्संदेह हालात बेहतर होंगे और जेल को उस तरह से परिभाषित नहीं किया जाएगा कि वहां जाने के बाद कैदी सुधरने के बजाय बिगड़ जाते हैं। इन क्षेत्रों को सीमित करने के पीछे सरकार की मंशा को भी समझना जरूरी है।अपने यहां यूं भी जेलों में सीमा से बहुत ज्यादा कैदी होने के चलते व्यवस्थागत दिक्कतें आती रहती हैं। किसी भी दोषी या सजायाफ्ता को सुधार का मौका अवश्य दिया जाना चाहिए। कई बार देखेने में आता है, अपराधियों को अपने कृत्य पर ग्लानि होती है और वे पक्षतावा भी करते हैं।

# चीन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू हो गई है,भारत को इसमें शामिल होना होगा

21 वीं सदी के विश्व युद्धों के प्रति तेजी से विकसित हो रही जहरीली नफरत के बीच, रूस और यूक्रेन दोनों पर कब्ज़ा करने के लिए नाटो और यूरोपीय संघ की संयुक्त भू-राजनीतिक योजना,गाजा पट्टी में इज़राइल द्वारा थोक जवाबी बमबारी और हमास द्वारा आतंकवादी हमले, हिज्बुल्लाह और हौथिस,भारत-चीन द्विपक्षीय विवाद सात दशकों से बना हुआ है और पूरी तरह से अघुलनशील और अपरिवर्तनीय प्रतीत होता है। जब तक चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ड्रेगन की भूमि पर अपनी पकड़ बनाए रखेगी, तब तक बीजिंग के साथ नई दिल्ली का द्वंद्व जारी रहेगा।

भारत में चल रहे आम चुनाव के बीच, राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने फॉरबिडन सिटी का कार्यभार संभालने के लिए अपने पूर्ववर्ती सन वेइदोंग के प्रस्थान के बाद 18 महीने तक पद खाली रहने के बाद, नई दिल्ली में एक नए राजदूत जू फीहोंग को भेजा है। जैसे दिल्ली के शांति पथ में दूतावास की इमारत.चीन स्पष्ट रूप से नहीं चाहता था कि जून की शुरुआत में भारत की नई सरकार के कार्यभार संभालने पर उसे कोई प्रतिनिधित्व न मिले,कूटनीतिक कारणों से नहीं बल्कि ड्रैगन के अपने आर्थिक स्वार्थ और वैश्विक वर्चस्व की उसकी आकांक्षाओं के कारण।

भले ही मौजूदा सरकार दोबारा चुनी जाए या मंत्रियों की एक नई टीम साउथ ब्लॉक में कार्यभार संभाले, ड्रैगन यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि वह सही कूटनीतिक इशारे करे, अन्यथा कुछ नहीं। यदि उसे समान लोगों के समूह के साथ काम करना जारी रखना है तो चीजें थोड़ी आसान हो सकती हैं, लेकिन यदि कोई नई टीम कार्यभार संभालती है तो उसे दृष्टि के एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता हो सकती है, जिसके लिए अतिरिक्त परिश्रम और बुद्धिमत्ता के लिए एक अलग दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी-इकट्ठा करना, जो निश्चित रूप से ड्रैगन की खूबी है। यदि कोई परिवर्तन नहीं होता है, तो ड्रैगन कहेगा नमस्कार, मित्र,हम जानते थे कि तुम वापस आओगे। यहां हम आपका स्वागत करने आए हैं। अभूतपूर्व सफलता के लिए आपको हार्दिक बधाई, क्योंकि हम फिर से साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं और यदि कोई नई सरकार सत्ता संभालती है, तो शी जिनपिंग के नए दूत जोरदार ढंग से उत्साह का दिखावटी प्रदर्शन करेंगे- सबसे अच्छी तारीफ; हमें यह अहसास था कि भारत बदलाव की दहलीज पर है। हम आगे बढ़ने के लिए चीन-भारत संबंधों को और अधिक प्रासंगिक बनाना चाहते हैं क्योंकि चीन विशिष्ट मुद्दों के पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है। और यही बात नए राजदूत ने भारत आगमन पर कही। किसी भी तरह, ड्रैगन की कूटनीतिक उपस्थिति को चमकते-दमकते लोगों और अभिजात्य वर्ग द्वारा अवश्य देखा, महसूस किया और बोला जाना चाहिए।

इसलिए, नया राजदूत अपने पूर्ववर्तियों और फॉरबिडन सिटी में अपने राजनीतिक अधिपति के समान, लेकिन अर्थहीन शब्दार्थ को उछालकर सीमा और क्षेत्रीय विवादों को हल करने के प्रति आशान्वित होने का दिखावा कर रहा है। जू फ़ेइहोंग के प्रत्येक शब्द पर ध्यान दें मैं दो लोगों के बीच समझ और दोस्ती को



गहरा करने, विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग का विस्तार करने, द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने और आगे बढ़ाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।

चीन का उद्देश्य स्पष्ट है. पहली प्राथमिकता भोले-भाले और निर्दोष भारतीय नागरिकों को प्रभावित करना है, जिनके पास चीनी भाषा जानने का शायद ही समय है, बीजिंग विदेशी, समझ से बाहर और गूढ़ है। एक आसान लक्ष्य होने के नाते, उन्हें समझदारी और दोस्ती की भावना में लाने की आवश्यकता है, जिसका अर्थ है कि आप आम भारतीय नागरिकों को बिना समझे चीनियों के साथ गहरी दोस्ती बनाते हैं। दूसरा, अस्पष्ट और रहस्यमय शब्द आदान-प्रदान का विस्तार करें और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग? वे आदान-प्रदान क्या हैं? क्या यह सरकारों, लोगों, व्यापारियों, उग्रवादियों, सेना, भिक्षुकों, मैकेनिकल इंजीनियरों या किसी और के बीच है? तीसरा, सहयोग के विभिन्न क्षेत्र क्या हैं :कृषि क्षेत्र, फुटबॉल मैदान, बागवानी या मछली पालन? किसी को व्यंग्य के साथ इस बात को कहने में दुख होता है क्योंकि जब चीन संयुक्त राज्य अमेरिका या भारत या 27 देशों के यूरोपीय संघ जैसे बड़े देशों में प्रवेश करता है, तो यह बहुआयामी और गहरा होता है। सीपीसी ने प्रतिद्वंद्वी को भीतर से तोड़ने की कला में महारत हासिल कर ली है, और अफसोस की बात है कि गैर-चीनी लोग बार-बार इसे चूक जाते हैं, जिनकी जल्दी पैसा कमाने की इच्छा से चीनियों के लिए बर्तन को मीठा करना और शहद का जाल बिछाना आसान हो जाता है। कोई भी आसानी से देख सकता है कि चीन ने भारत के व्यापारियों के माध्यम से भारतीय उद्योग को कितना नुकसान पहुंचाया है,

जैसा कि इस महीने की शुरुआत में भारत के विदेश मंत्री ने दिल्ली में नए ड्रैगन दूत के आगमन के कुछ ही दिनों के भीतर उठाया और चुभाया था, जो कन्फ्यूशियस की तरह शुरू हुआ था। उपदेश. भारतीय मंत्री का जवाब सख्त था:मेरे पास चीन जैसा पड़ोसी है। मुझे प्रतिस्पर्धा करना सीखना होगा. मेरी शिकायत से चीन अपनी हरकतें बंद नहीं करने वाला है। बात बन गयी. फिर भी, वे देश जो बीजिंग के पड़ोसी नहीं हैं और उससे बहुत दूर हैं, वे चीन के खिलाफ एकजुट होकर शिकायत क्यों कर रहे हैं और ड्रैगन की सर्वव्यापी दुर्भावनापूर्ण चालों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं? व्हाइट हाउस में श्रमिक संघ के सदस्यों से घिरे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने 14 मई को अमेरिकी रणनीतिक विनिर्माण की रक्षा के लिए चीन निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों और कई वस्तुओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर क्यों किए? आयातित उत्पादों के लिए उच्च उपभोक्ता कीमतों के बावजूद अमेरिकी नागरिकों के लिए नौकरियों को बचाने और बढ़ाने के लिए कम लागत वाली प्रतिस्पर्धा से क्षेत्र? यहां तक कि पूंजीवाद के गढ़ में भी अपने उद्योग की रक्षा करना और अंधाधुंध आयात को रोकने का प्रयास करना राज्य का परम कर्तव्य है। वे दिन अब इतिहास बन गये हैं! पूरे पश्चिम में चीन के ख़िलाफ़ प्रतिहिंसा शुरू हो गई है। ऐसा कोई कारण नहीं है कि भारत अपने औद्योगिक क्षमता विकास की सुरक्षा के लिए ऐसा न करे और भारत के विनिर्माण क्षेत्र के रास्ते में आने वाले लापरवाह व्यापारी-आयातकों के समूह के खिलाफ कार्रवाई न करे। नई दिल्ली में ड्रैगन के नए राजदूत के लिए, कार्य समाप्त हो गया है। उसे अपने बॉस के हितों का ध्यान रखना होगा। भारत को आयात करना चाहिए न कि अपना औद्योगीकरण बढ़ाना चाहिए। उपभोक्ता बाजार को प्रभावित करने और भारत के द्विपक्षीय व्यापार घाटे को जबरदस्त ऊंचाई तक बढ़ाने के लिए व्यापारियों के माध्यम से अधिक सस्ते और घटिया चीनी सामानों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। यह पहले से ही .100 बिलियन से अधिक है। यदि भारत को इस हद तक धकेल दिया जाए कि आयात में वापसी न हो, तो दक्षिण एशिया के छोटे देशों में नई दिल्ली के प्रभाव को कम करने के लिए लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की चीन की कोशिश से संबंधित कोई समस्या नहीं होगी, जो अब तक भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दोस्त। राजदूत जू निश्चित रूप से भारत के भूमि से घिरे पड़ोसियों और क्षेत्र के द्वीपों को दोस्त से दुश्मन बनाने के लिए सब कुछ करेंगे। इस प्रकार, जून की शुरुआत में राष्ट्रपति भवन के शपथ ग्रहण समारोह के बाद, जो कोई भी अगले पांच वर्षों के लिए भारत की नियति का प्रभार संभालता है, उसे पूरे चीन स्पेक्ट्रम को गहराई से फिर से देखना होगा और सीपीसी द्वारा खुद को बर्बादी की राह पर नहीं ले जाने देना होगा। . भारत के पास बहुत कुछ है. यह कूटनीति में बराबरी का समय है, झुकने का नहीं।

**-अभिजीत भट्टाचार्य-**

### पारिवार खुशहाल तभी जब स्वस्थ रहेंगी स्त्रियां

स्वस्थ जिन्दगी हर किसी की पहली जरूरत होती है लेकिन बहुत से घरों में आज भी महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में नहीं रखा जाता जो कि अत्यंत ही विचारणीय विषय है। महिला का पूर्ण स्वस्थ होना इसलिए भी बहुत जरूरी है क्योंकि वह अस्वस्थ हो जाए तो घर के बच्चों से लेकर बड़े तक सभी प्रभावित होते हैं। ऐसे में महिला बिस्तर पर पड़ जाए तभी डाक्टर के पास ले जाएँ जैसी सोच को बदलना होगा और महिला को पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाने के लिए हर जरूरी पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। इसी सोच को परवान चढ़ाने के लिए हर साल 28 मई को महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर भी खुलकर बात करने की जरूरत है ताकि महिला स्वतंत्र रूप से यह निर्णय ले सके कि उसे कब और कितना बच्चा चाहिए।

प्रजनन स्वास्थ्य किसी भी महिला का भारतीय संविधान द्वारा दिया गया वह अधिकार है जिसमें समानता एवं शिक्षा का अधिकार, सही उम्र में विवाह का अधिकार, परिवार नियोजन अपनाने का अधिकार,महिला को बच्चा कब और कितना चाहिए यह निर्णय लेने का अधिकार तथा हिंसा मुक्त एवं पोषणयुक्त खुशहाल जीवन जीने का अधिकार शामिल है। अनचाहा गर्भधारण महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालने के साथ ही जान को जोखिम में डालने का काम करता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद बास्केट ऑफ़ च्वाइस में से अपना मनपसन्द गर्भ निरोधक विकल्प चुनें और अनचाहे गर्भ से बचकर स्वस्थ रहें और घर में खुशहाली लाएं। इसमें पति से लेकर माता-पिता, सास-ससुर और परिवार के अन्य बड़े सदस्यों की भी अहम भूमिका हो सकती है।

महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस को हर साल मनाने का मूल उद्देश्य महिलाओं को उनकी सेहत से जुड़े मुद्दों के बारे में पूर्ण रूप से शिक्षित करने के साथ ही उन्हें हर क्षेत्र में सशक्त बनाना है। महिलाओं को भेदभाव, घरेलू हिंसा,जबरदस्ती और उपेक्षा से बचाने के बारे में इस दिवस पर हर किसी का ध्यान आकर्षित किया जाता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी जरूरी है। इस दिवस पर संकल्प लेने की जरूरत है कि महिलाओं तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच को आसान बनायेंगे। सुरक्षित एवं कानूनी गर्भपात के बारे में शिक्षित बनाएंगे । युवाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के साथ ही एचआईवी/एड्स के प्रति भी जागरूकता लायेंगे।

इस दिवस को मनाने की सार्थकता तभी है जब स्वास्थ्य देखभाल पहुंच में लैंगिक असमानता को पूरी तरह से दूर करते हुए महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य, मातृ कल्याण और यौन व प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के प्रति सशक्त बनाया जाए। महिलाओं और लड़कियों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने के लिए उचित और समान अवसर दिया जाए और व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराया जाए। घरेलू हिंसा और संभावित मानव तस्करी पर चर्चा हो । कम उम्र में शादी और शादी के तुरंत बाद गर्भ धारण जैसी सोच को बदला जाए। करियर में उन्नति के लिए समान रास्ते विकसित करने के साथ ही वेतन असमानता को दूर करने की तरफ और पर्याप्त प्रयास हों। देश में आज भी 15 से 49 वर्ष आयुवर्ग की कम ही महिलाएं यौन संबंधों, गर्भनिरोधक साधनों के इस्तेमाल और यौन स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अपनी पसंद को प्राथमिकता दे पाती हैं। इस तरह इस आयु वर्ग की बहुत सी महिलाओं के पास अब भी यौन और प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने का अधिकार नहीं है।


**-मुकेश कुमार शर्मा-**

# कोरोना की त्रासदी पर गंभीर सवाल



**संजय गोस्वामी**
मुंबई, महाराष्ट्र

कुछ दिन पूर्व मैं एक स्वप्न देखा जो मुझे विचलित कर दिया सपने में मैंने देखा की कोरोना के दूसरे वेव में जब उसका डेल्टा वेरिएंट अप्रैल 21में आया तो काफी रूद्र रूप था जिसमें मेरे ब्रदर्स इन लॉ भी गुजर गए थे तब नींद में देखा बहुत सी लाशें कमरे में तीतर बितर है गंध आ रही है लाशों को क़ोई उठाने वाला नहीं है मैं और मेरा दोस्त लाशें को उठाकर कहीं जा रहें हैं तभी एक भाई ने बताया यहाँ सामूहिक रूप से जलाया जा रहा है और उधर दे दिया और सब अग्नि की भट्टी में जल रहे थे लेकिन फिर दूसरी बार जब उठा कर लेने जा रहे थे तो दो बच्चे जो 6महीने का लग रहा था तब गोद में लेकर दूसरी जगह जलाया जा रहा है जहाँ पंडित ने मंत्रो के साथ दाह संस्कार कर रहे हैं दूसरी ओर एक नदी दिखाई दी जहाँ लोग लाश जला कर स्नान कर रहे हैं और फिर सब मरे हुए लोग चिल्ला चिल्ला कर बोल रहे हैं कि मुझे काल ने दबोच लिया मेरी आत्मा घर जाने के लिए मेरा शरीर चाहिए और जो लोगों को गाड़कर रखा गया है उसकी आत्मा दाह संस्कार के लिए चिल्ला रही है बाद में जब भगवान श्री राम का भजन हो रहा तब मरे हुए लोगों का प्रेतयोनि से छूटकारा मिलती है तभी एक आवाज़ आई तुम खुब लिखते हो ऐ भी लिखो कि हम सब प्रेत योनि में कोरोना महामारी के कारण भटक रहे है इसकी सूचना भेजवा देना, तभी मेरी आँख खुल जाती है और फिर सहम जाता हूँ ऐ एक बहुत बड़ा मुद्दा है जिसे किसी ने उठाया ही नहीं क्योंकि सभी ने कुछ किया ही नहीं और ध्यान किसी का गया नहीं कोरोना महामारी का दूसरा वेब बहुत ही ख़तरनाक था जिसमें प्रशासन की लापरवाही सामने आई है और शायद इससे कन्नी काट रहें हैं मैंने खुद अपनी आँखों से ऑक्सीजन की कमी से मरते देखा है जिसे डॉक्टर चाह कर भी नहीं बचा पाए और उसकी कमी से तड़प तड़प कर मरते देखा है लाशों को जलाने हेतु शमशान घाट पूर्ण रूप से भड़ा हुआ था कितने लाशों को जमीन में गाड़कर दफना दिया गया और इसके कारण प्रेतयोनि में भटक रहें हैं क्योंकि हिन्दू धर्म के अनुसार जलाना जरुरी होता है ताकि



पंच तत्वों में मिल सके जिससे ऐ शरीर बना है प्रशासन पूर्ण रूप से नाकाम हुई और लाशों का अम्बार लगा जिसे सामूहिक रूप से दाह संस्कार भी नहीं हो सका और नदी के किनारे जमीन में गाड़ा गया जिसकी आत्मा अभी भी भटक रही होगी और जब किसी के मरने का खबर सुनता तो परिवार वाले कोरोना के डर से लावारिस ही छोड़ देते क्योंकि कुछ देखने गए और उसे भी कोरोना हुआ और बाद में मौत हो गई आखिर ऐसा क्यों हुआ क्या हमारा तंत्र इतना नाकाम रहा कि क़ोई चार पांच ऑक्सीजन का सिलिंडर रखे हुए था और क़ोई ऑक्सीजन की कमी से तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया आप कुछ देर के लिए सांस बन्द करते हैं कुछ ही मिनटों में अकबकाहट होने लगती है शरीर में ऑक्सीजन का प्रवेश हमेशा होना चाहिए जो हर्ट से ब्रेन को भेजता है यदि कुछ सेकेण्ड के लिए हर्ट से ब्रेन में ऑक्सीजन की सप्लाई बन्द हुई तो मौत हो जाती है महामारी में जो मौत होती है वो काल के कारण होती है और जो उसके गिरफ्त में आ जाते हैं वो अकाल मौत का शिकार होते हैं क्योंकि उनकी समय से मौत नहीं होती और उस समय तक आत्मा भटकती है जब तक ऊपर वाले ने उसकी सही दिन मौत का निर्धारण करते है प्रेतयोनि होती है या नहीं इसपर मैं किसी को भ्रम में नहीं रखना चाहता लेकिन जब गोस्वामी तुलसीदास के द्वारा शौच के जल से प्रेत आत्मा खुश होकर हनुमान जी का पता बताता है अतः आप अपने अनुसार जिसे मानते हैं माने लेकिन मेरे अनुसार प्रेतयोनि होता है इसका कारण जानिए जब भी क़ोई प्रोडक्ट क़ोई कम्पनी बनाती है तो उसका एक्सपायरी डेट सिमिलर प्रोडक्ट का एक ही होता है अतः ईश्वर भी जब किसी मनुष्य को जन्म देता है तो किसी के साथ भेदभाव नहीं करता और एक ही तरह का डेट अपने बनाए गए खिलौने में अंत होने की तारीख लिख देता है लेकिन ग्रह से वशिभूत होकर जब उसके कब्जे में आते हैं तो क़ोई दुर्घटना घट जाती और मौत आ जाती है और इसतरह या महामारी से हुए मौत अकाल मौत होती है और उसकी आत्मा की शान्ति के लिए राम नाम सत्य है का जय घोष होगा तो शान्ति मिलती है अतः कोरोना काल में सभी दल कुछ नहीं कर सके जो एक कठिन दौर था उसपर भी चुनावी चर्चा होने चाहिए जिसका परिवार तो चला गया कमाने वाला अब इस दुनिया में नहीं है तो उसके बच्चों को कौन सहारा देगा ऐ एक कटु सत्य है जिसे गंभीरता से लेनी चाहिए.क्या सिर्फ 5किलो चावल और गेहूं से बच्चे का जीवनयापन हो सकेगा ये एक कटु सत्य है जिसमें भी मानवता है उसे दया दिखानी चाहिए।

# जिंदगी और उसके विभिन्न दौर



**पूनम शर्मा**
रांची, झारखंड

हमारी जिंदगी किसी एक दौर से होकर नहीं गुजरती है । इसका विभाजन किया गया है।

गर्भावस्था ,
बाल्यावस्था,
किशोरावस्था,
युवावस्था,
प्रौढ़ावस्था ,
वृद्धावस्था ,

समय ने हमारी जिंदगी को विभिन्न अवस्थाओं में विभाजित किया है।

**गर्भावस्था:**जब हम मां के गर्भ में पलते हैं उसे समय हमारा भारत पोषण कितना बेहतर हो सकता है इसकी चिंता जितनी पिता को होती है उतनी ही माता को भी जहां पिता आर्थिक रूप से सब कुछ पूरा करने की कोशिश करता है वही माता गर्भ में पल रहे शिशु को स्वस्थ रखने के लिए ना जाने कितनी बार इंजेक्शन लगवाती है दवाइयां खाती है सिर्फ और सिर्फ इसलिए कि शिशु स्वास्थ्य रहे।

**बाल्यावस्था:** उसके बाद का समय जब गिली मिट्टी को एक कच्चे साँचे में ढाल कर मजबूती की तरफ ले जाने का सफर होता है। इस सफर में कभी इसने हैं तो कभी डाँट फटकार के जरिए माँ बाप अपने बच्चों को अच्छे से अच्छी परवरिश देने की कोशिश करते हैं, ताकि कल इसका बेहतर भविष्य सबके समक्ष हो और उसे खुशियां प्रदान कर सके।

**किशोरावस्था:** जिंदगी का वो समय जहाँ कंधों पर जिम्मेदारियों का बोझ आना शुरू हो रहा होता है। हर चीज में सही और गलत को गहराई से देखने का समय। जहां एक तरफ आचरण को बनाना है वहीं दूसरी तरफ भविष्य को दो पीढ़ी के वैचारिक द्वंद्व इस अवस्था में बहुत तेजी से दिखाई देते हैं। बच्चों को लगता है बड़ों को कुछ नहीं आता। और बड़ों को डर लगता है कि बच्चे कहीं गलत दिशा में न चले जाए। इस समय किए हुए हर कार्य का प्रभाव हमारे आने वाले कल का निर्माण करता है।

**युवा अवस्था:** वो अवस्था जिस पर सबसे ज्यादा ताकत है हर चीज को बनाने या बिगड़ने की। परंतु किसी भी चीज का निर्माण ना कभी अकेले हुआ है ना कभी अकेले हो सकता है। परिवर्तन अगर सही दिशा की तरफ हो तो कल को बेहतर बनाता है परंतु अगर गलत दिशा की तरफ हो तो भविष्य को ध्वस्त करता है। चाहे वो पारिवारिक स्थिति हो चाहे सामाजिक। जैसे बाल्यावस्था में बिना बच्चों के मुख से कुछ बोले मां उसकी हर बात को समझ जाती थी ठीक उसी प्रकार ये प्रक्रिया बाद तक क्यों नहीं चल पाती। कारण सिर्फ वैचारिक द्वंद्व।

**प्रौढ़ावस्था:** जहां से प्रारंभ होता है अनुभवों का खजाना। यह वह अनुभव है जो अपने समय से संघर्ष करने के बाद मनुष्य सीखना है। और वो आने वाली पीढ़ी को अपने अनुभवों से सीखने का प्रयास करता है। परंतु यहां पर एक छोटी सी बात मध्य आ जाती है। जो हमने आज से 40 - 50 साल पहले जीया है , क्या आज भी समय माहौल और स्थिति वैसी ही है। पहले बाल्यावस्था को सबसे ज्यादा सुखद अवस्था बताया जाता था परंतु आज बच्चों के ऊपर कंपटीशन और पढ़ाई का जो दबाव बना हुआ है उससे कोई भी अनभिज्ञ नहीं है। परंतु फिर भी सब कुछ एक दिशा में बेहतरीन तरीके से चला रहे। उसके लिए बहुत जरूरी है थोड़ा-थोड़ा सभी को समझना। जहाँ बच्चों को थोड़ी सी आजादी चाहिए। वहीं प्रौढा अवस्था में आते-आते बड़ों को बच्चों की तरह से अटेंशन चाहिए। यह कोई बहुत अचंभित करने वाली बात नहीं है । इस अवस्था में आते-आते मन मस्तिष्क कार्य निवृत्ति की तरफ जाने लगता है। जब हम कार्य कर रहे होते हैं तो 10 लोगों से बातचीत होती है 10 लोग हमारे आसपास कभी अपनी वजह से तो कभी हमारी वजह से मौजूद रहते हैं। परंतु उसके बाद अचानक से एक खालीपन आता है जैसे रिटायरमेंट के नाम से जाना जाता है। 16-17 घंटे तक काम करने वाले मस्तिष्क को शरीर को अगर अचानक से हर कार्य से निवृत्ति मिल जाती है तो उसके लिए भी यह जीवन सहज नहीं होता है क्योंकि उसे बैठने की आदत ही नहीं होती। उसके लिए बहुत मुश्किल होता है अपने दिनचर्या को किसी जगह है व्यस्त करना। क्योंकि शरीर को आराम की आवश्यकता है और मन की चंचलता इस्फूर्ति उसे चैन से बैठने नहीं देती है।

अंत में वृद्धावस्था यह वह अवस्था है जहां इंसान अगर अपने आसपास का वातावरण सुखद महसूस करता है तो उसके लिए जिंदगी बहुत आसान हो जाती है क्योंकि शरीर दिमाग सभी अब विराम की तरफ जा रहे होते हैं। जहां एक तरफ बीमारियां खेलती हैं वहीं दूसरी तरफ अकेलापन कहीं-कहीं साथी का बिछड़ना भी शामिल हो जाता है। ऐसे में स्वभाव में आने वाला चिड़चिड़ापन स्वाभाविक सी चीज है। यह बात कहना जितना सहज है समझना उतना ही मुश्किल किसी चीज को शब्दों में व्यक्त करना और वास्तविक जीवन में जीना ठीक उसी प्रकार है जैसे मैंने कह दिया हाथ को आग में ले गई और निकाल दिया।

परंतु वास्तविकता में अगर हाथ को आग के बीच में ले जाऊंगी तो हाथ जल जाएगा।

खैर इस अवस्था में एक दूसरे को समझने की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है क्योंकि तीन पीढ़ी एक साथ चल रही होती है जहां बच्चे जवान होने को है वही बड़े बुढ़ापे की तरफ अग्रसर हो रहे हैं जिम्मेदारियां चारों तरफ होती हैं इनका पालनपुर बड़ी ही परिपक्वता के साथ करना पड़ता है अगर एक तरफ ज्यादा ध्यान गया तो दूसरी तरफ दोषी हो जाएंगे। इनके मध्य सामंजस्य से बिठाकर ही जिंदगी को सुखद बनाया जा सकता है कहानी-कहानी सामंजस्य न बन पाने के कारण हर मन में तनाव की स्थिति बनी रहती है परिवार से विरक्त होकर कभी कोई मन खुश नहीं रहा परंतु अगर परिवार के साथ रहना भी मुश्किल हो तो ऐसी स्थिति में शायद वक्त पर सारी चीजों को छोड़ देना चाहिए।

जिंदगी इन्हें खट्टे मीठे अनुभवों का एक खजाना है ।

जो आया है सबको एक दिन जाना है।।ये मेरा ये तेरा सब बस इक बहाना है।गुजरे वक्त को तो बस यादों में आना है।

रह जाती है शिकवे शिकायतों की कुछ गांठे भी साथ।


जिंदगी हर किसी के साथ यूँ ही बिताना है।।जिंदगी अनुभवों का खजाना है।

जिंदगी अनुभवों का खजाना है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



### घड़ा मिट्टी का



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद छत्तीसगढ़

घड़ा बना हूँ मैं मिट्टी का,
आता सबके काम।
जैसे गर्मी बढ़ती जाती,
सभी पुकारे नाम।।
भरे नीर सब मेरे भीतर,
रखकर मुझसे आस।
मानव तन को शीतल करता,
और बुझाता प्यास।।
दर्द सहन कितना मैं करता,
देह झुलसती आग।
उस पल ऐसा लगता बच्चों,
जल्दी जाऊँ भाग।।
माटी से मैं पैदा होता,
माटी में ही अंत।
जात-पात ना मुझमें देखें,
असंत हो या संत।।
जीवन में ऐसा कर जाओ,
करें सभी स्वीकार।
द्वेष कपट की त्याग भावना,
मिले जगत में प्यार।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना




### नौतपा



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़

नौतपा में तप रही है यह धरती।
न जाने कब मिलेगी इससे मुक्ति।।
चारों तरफ मची है हाहाकार।
पारा पहुंचा पैंतालीस के पार।।
पंखे कूलर भी सब बेअसर है।
सूखे सारे नदी नाले पोखर है।।
हाल बेहाल है सब धूप के मारे।
पशु पक्षी इंसान परेशान है सारे।।
दोपहर में निकलना खूब खलती है।
आग की लपटे जब जब चलती है।।
नौतपा में गर्मी का कहर जारी है।
कूलर पंखा इसके आगे हारी है।।
नौतपा में घर से जब बाहर निकले।
मुंह और कान को गमधा से बांधले।।
नौतपा में लू से तुम्हे है अगर बचना।
बार बार ठंडा पानी पीते तुम रहना।।
पेड़ लगाओ धरती कर रही है पुकार।
नहीं तो पारा पचास से हो जाएगा पार

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# डुमरडीह जंगल में युवक-युवती मिली लाश

## हत्या की आशंका...आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन





## 72 घंटे में आरोपियों को पकड़ने के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ चक्काजाम

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,27 मई 2024 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिला मुख्यालय के नगर के वार्ड क्रमांक एक निवासी बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सुजीत स्वर्णकार एवं बलरामपुर दहेजवार निवासी युवती का शव डूमरखी के जंगल में मिला,दोनों के शरीर में मारपीट के गंभीर निशान थे। सुजीत की जहां एक उंगली टूटी हुई थी वहीं पेट एवं गले में भी गंभीर चोट के निशान थे। शव को जलाने का भी प्रयास किया गया था। घटना की खबर नगर में फैलते ही आक्रोश व्याप्त हो गया एवं व्यापारियों के द्वारा नगर बंद कर चक्का जाम कर दिया गया। बलरामपुर कोतवाली पुलिस ने मामले में 302,201 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। मौके पर डॉग स्क्वायड एवं फॉरेंसिक की टीम भी पहुंची थी। जानकारी अनुसार सुजीत स्वर्णकार पिता नंदलाल सोनी 21 वर्ष रविवार के देर रात तक दोस्तों के साथ था। घर में खाना खाने के बाद वह घर से स्कूटी लेकर 12.30 के करीब निकला एवं पूरी रात घर नहीं आया। जब सुबह तक वह घर नहीं आया तो घर वाले घबराने लगे एवं लगातार मोबाइल पर फोन लगा दोस्तों से भी पूछने लगे। मोबाइल सुजीत के द्वारा नहीं उठाने पर सुजीत के परिवार जनों की घबराहट बढ़ गई एवं उनके द्वारा फिर साइबर पुलिस की मदद ली एवं लोकेशन ट्रेस कराया। लोकेशन ट्रेस करने के बाद स्वजन, पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे तो सुजीत एवं किरण काशी पिता आनंद काशी 25 वर्ष का शव डुमरखी जंगल में मिला। मृतक किरण बलरामपुर दहेजवार की रहने वाली है। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लेने वाले सुजीत के हत्या की खबर जैसे ही नगर में फैली पूरे नगर में शोक छा गया। आक्रोशित नगर वासियों ने अपनी-अपनी दुकान बंद कर ली एवं चांदो चौक में चक्का जाम कर दिया। घंटो चक्का जाम रहा जो शाम के 4 बजे करीब 72 घंटे में आरोपियों को पकडऩे के आश्वासन के बाद खुल सका। सुजीत की हत्या की जानकारी मिलने पर पूरे जिले से विभिन्न हिंदू संगठनों के लोग जिला मुख्यालय पहुंच हत्या का विरोध जताते हुए जल्द अपराधियों को पकडऩे की मांग की।

### गौ तस्करी रोकने के लिए प्रभावी रूप से सक्रिय था सुजीत

बजरंग दल के जिला सह संयोजक सुजीत स्वर्णकार अपने बजरंग दल के साथियों के साथ क्षेत्र में गौ तस्करी एवं गौ हत्या के विरोध में लगातार आवाज बुलंद कर कई बार आंदोलन का नेतृत्व भी कर चुका था। यहां तक की सुजीत के सक्रियता से कई बार गौ वंश को बूचडख़ाना ले जाने के दौरान पकड़ा जा सका। सुजीत के हत्या से कई प्रकार के सवाल उठ रहे हैं।

### 72 घंटे में आरोपियों को पकडऩे का आश्वासन

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ललन कुशवाहा एवं बजरंग दल के जिला संयोजक जस्सू केसरी ने कहा कि बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सुजीत स्वर्णकार की निर्मम हत्या की गई है जिसकी हम कठोर शब्दों में भर्त्सना करते हैं। पुलिस द्वारा 72 घंटे में आरोपियों को पकडऩे का आश्वासन दिया गया है यदि 72 घंटे में आरोपी नहीं पकड़े जाते हैं तो बलरामपुर रामानुजगंज जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में आंदोलन किया जाएगा।

### योजना बद्ध तरीके से हत्या

मृतक सुजीत स्वर्णकार के बड़े भाई रोशन लालमणि ने कहा कि भाई की योजनाबद्ध तरीके से हत्या कर शव को ठिकाने लगाया गया है। उन्होंने पुलिस को मामले में तत्परता से कार्रवाई कर दोषियों को पकडऩे की मांग की। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उमेद सिंह ने कहा कि मामले में 302, 201 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

## युवती ने कीटनाशक सेवन कर की आत्महत्या

**- संवाददाता -**

**अंबिकापुर,27 मई 2024 (घटती-घटना)।** लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तराजू में 23 मई की दोपहर एक युवती ने कीटनाशक सेवन कर ली थी। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह घटना से एक दिन पूर्व किसी से मोबाइल से बात करते हुए रो रही थी। जानकारी के अनुसार सत्यावती राजवाड़े पिता शिवरतन राजवाड़े उम्र 20 वर्ष लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तराजू की रहने वाली थी। वह 22 मई की रात को किसी से मोबाइल से बात कर रही थी। बात करते-करते अचानक रोने लगी। रोने की आवाज सूनकर पिता पहुंचा और पूछता तो वह कुछ नहीं बताई। इसके बाद सभी सो गए। दूसरे दिन दोपहर में युवती उल्टी करने लगी। पिता ने पूछा तो वह किटनाशक सेवन करने की बात बताई। परिजन उसे इलाज के लिए लखनपुर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## युवक ने पिसकर पी गया धतुरा का पत्ता,मौत

**- संवाददाता -**

**अंबिकापुर,27 मई 2024 (घटती-घटना)।** एक युवक अज्ञात कारण से धतुरा का पत्ता पिकसकर पी गया था। इससे उसकी स्थिति विगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भोलेशंकर पिता तपेश्वर प्रसाद उम्र 35 वर्ष उदयपुर थाना क्षेत्र के मिरगाडांड़ का रहने वाला था। वह 23 मई की सुबह अज्ञात कारण से धतुरा का पत्ता पिसकर पी गया था। इससे उसकी स्थिति विगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## स्वास्थ्य कर्मचारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना के बाद 5 जून से दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 27 मई 2024 (घटती-घटना)।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दरिमा के अधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत करीब 150 कर्मचारियों को वेतन का भुगतान पिछले तीन माह से नहीं हुआ है। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के बीच आर्थिक संकट उत्पन्न हो गई है। विरोध में कर्मचारियों ने सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया है। वहीं कर्मचारियों का कहना है कि अगर वेतन का भुगतान जल्द से जल्द नहीं किया जाता है तो 5 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

नाराज कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार को एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। संघ के जिलाध्यक्ष धनेश प्रताप सिंह ने बताया कि बीएमओ को आहरण एवं संवितरण प्राधिकार पत्र नहीं मिलने के कारण वेतन का भुगतान पिछले तीन माह से रूका हुआ है। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारी आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। माह फऱवरी का वेतन में इनकम टेक्स कटने तथा माह मार्च अप्रेल एवं मई का वेतन नहीं मिलने के कारण स्वास्थ्य कर्मचारी दोहरे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। जबकि इनमें से अधिकतर कर्मचारियों ने होम लोन, वाहन लोन या पर्सनल लोन ले रखा है तथा घर का राशन पानी से लेकर बीमारों का इलाज, बच्चों के एडमिशन फीस ट्यूशन फीस आदि आर्थिक ज़रूरतों के लिए ये वेतन पर निर्भर रहते हैं। आहरण एवं संवितरण प्राधिकार पत्र जारी नहीं होने के कारण मेडिकल बिल, यात्रा भत्ता बिल, जीपीएफ एवं पार्ट फ़ाइनल, सातवां वेतन का एरियर्स आदि भुगतान भी लंबित है। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन का आयोजन खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फुंदुरडिहारी अंबिकापुर में किया है। इस संबंध में चार जून तक वेतन नहीं मिलने पर पांच जून से काम बंद कलम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस धरना प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय, संभागीय, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए।

## चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 मई 2024 (घटती-घटना)।**

चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में सरगुजा पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर महिलाओं व नाबालिगों की अश्लील फोटो व वीडियो अपलोड करने के मामले में गांधीनगर पुलिस ने महेश कुमार (21) ग्राम हर्राटिका थाना मणिपुर व दूसरे प्रकरण में शिव जायसवाल (20) निवासी गुडरू रघुनाथनगर जिला बलरामपुर हाल मुकाम नवापारा अंबिकापुर को गिरफ्तार किया है। वहीं दरिमा पुलिस द्वारा चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में तजेश्वर सिंह (21) निवासी नवगई थाना दरिमा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 67(ए),67(बी) आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## छत्त से गिरे जख्मी युवक की मौत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 मई 2024 (घटती-घटना)।**

छानी छाने के दौरान एक युवक नीचे गिर गया था। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामफल पिता प्यार साय उम्र 35 वर्ष भटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम चुनगढ़ी का रहने वाला था। वह 26 मई को अपने ससुराल लक्ष्मीपुर भटगांव में छानी छा रहा था। इस दौरान वह छानी से नीचे गिर गया और जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



## सो रहे साले पर कुल्हाड़ी से हमला कर उतारा मौत के घाट, आरोपी जीजा गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 मई 2024 (घटती-घटना)।**

सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर भैंसाखार में रविवार की रात जीजा ने सो रहे साले के ऊपर टांगी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मनोज बड़ा जबलपुर का रहने वाला है। वह निलंबित पटवारी है। वह पिछले एक माह से पत्नी व बच्चे के साथ सितापुर थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर भैंसाखार अपने ससुराल में रह रहा था। शनिवार को ससुराल में कार्यक्रम था। मनोज अपने साला अनुरंजन लकड़ा के साथ बैठकर शराब पी थी। इसके बाद रात को सभी सो रहे थे। रात करीब 2 बजे मनोज उठा और अचानक कमरे से कुल्हाड़ी निकाल कर सो रहे साला अनुरंजन के सिर व जबड़े पर हमला कर दिया। उससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के चाची शांति लकड़ा ने सीतापुर पुलिस को घटना की जानकारी दी। वह पुलिस को बताया कि मेरे घर में पति का वरसी कार्यक्रम था। खाना खाने के बाद सभी लोग परछी में सोए थे। अचानक मनोज बड़ा उठकर दूसरे कमरे से टांगी लेकर आया इसे देख मैं डर गई और दूसरे कमरे में चली गई तभी मनोज ने सो रहे साला अनुरंजन लकड़ा पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक भरत लाल साहू, सहायक उप निरीक्षक शिवचरण साहू, प्रधान आरक्षक नंदकुमार प्रजापति,आरक्षक धनकेश्वर यादव, पंकज देवांगन,आलोक गुप्ता,मनोहर पैकरा शामिल रहे।



# लैब टेक्नीशियन बेलगाम मरीजों से अभद्र व्यवहार

- » लैब में जांच करने पहुंचे गर्भवती महिलाओं को जांच करने से किया साफ इंकार
- » सीएमएचओ के निर्देश पर लैब टेक्नीशियन को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर मांगा जवाब

**- मनोज कुमार -**
**लखनपुर,27 मई 2024 (घटती-घटना)।**







सरगुजा जिले का लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए दिन सुर्खियों में रहता है जहां एक बार फिर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही देखने को मिली है। अस्पताल के लैब में जांच कराने पहुंचे गर्भवती महिलाओं से लैब टेक्नीशियन के द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए जांच करने से साफ इंकार कर दिया।ग्रामीण क्षेत्रों से अस्पताल में उपचार हेतु पहुंची गर्भवती महिलाओं को आखिरकार निजी लैब में जांच कराना पड़ा। लखनपुर विकासखंड के ग्राम केवरा की 8 माह गर्भवती महिला सरिता दास पति विकास दास,4 माह की गर्भवती महिला सुशीला पति प्रमोद राजवाड़े जोधपुर निवासी लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु पहुंचे जहां डॉक्टरों के द्वारा जांच के लिए पर्ची लिख लायक भेजा गया जब गर्भवती महिलाएं लैब में जांच कराने पहुंची गर्भवती महिलाओं को जांच करने से मना कर दीया। इस संबंध में मरीज की परिजनों द्वारा स्थानिक पत्रकारों द्वारा पूछा गया तो उनसे अभद्र व्यवहार किया गया। आखिरकार गर्भवती महिलाओं को लखनपुर के निजी लैब में जांच करना पड़ा। जब पत्रकारों ने इसकी जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पीएस मार्को को दी गई। बीएमओ के निर्देश के बाद भी लैब टेक्नीशियन गर्भवती महिलाओं का जांच नहीं किया। कई बार लैब टेक्नीशियन की शिकायत होने के बावजूद किसी भी प्रकार की कार्रवाई अस्पताल प्रबंधन के द्वारा नहीं की जाती है। लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन दो पालियों में होता है। सुबह 8से दोपहर 2 बजे तक और शाम 4 बजे से 5 बजे तक अस्पताल का संचालन किया जाता है। हमर लैब के लैब टेक्नीशियन अनिल विश्वकर्मा के द्वारा मनमाने तरीके से सुबह 11 या 12 बजे ड्यूटी करने पहुंचते हैं। और दूसरी पाली की ड्यूटी में नदारत रहते हैं। बेलगाम लैब टेक्नीशियन पर कसावट लाने अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। इन लैब टेक्नीशियन के द्वारा कर्मचारियों मरीजों से अभद्र व्यवहार करते हुए धौस दिखाया जाता है। इनकी शिकायत कई बार अस्पताल प्रबंधन से मौखिक तौर पर की गई है परंतु नेताओं और अधिकारियों के संरक्षण प्राप्त होने के कारण इन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही अब तक नहीं की गई है। अब देखना होगा कि अस्पताल प्रबंधन के द्वारा इन पर कार्यवाही की जाती है या नोटिस जारी कर खाना पूर्ति कर दिया जाता है।

इस मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर एन गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए लखनपुर खंड चिकित्सा अधिकारी को उक्त लैब टेक्नीशियन अनील विश्वकर्मा को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगने हेतु निर्देशित किया है साथ ही उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों से मधुर व्यवहार कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने निर्देशित किया है।

सीएमएचओ
आर एन गुप्ता

# गुजरात में गिरफ्तार चारों ISIS संदिग्धों से निपटे भारत श्रीलंका सरकार की टिप्पणी

**कोलंबो,27 मई 2024।** गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों पर आईएसआईएस से जुड़े होने का आरोप है। इस पर श्रीलंका सरकार का कहना है कि भारत उन संदिग्धों से निपटेगा। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि क्या वे हमारे देश में भी किसी आंतकी कृत्यों में शामिल थे। बता दें, 19 मई को गुजरात एटीएस ने सरदार वल्लभभाई पटेल हवाईअड्डे से आरोपियों को पकड़ा था। वे पाकिस्तान स्थित हैंडलर के निर्देशों पर भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे।



### श्रीलंकाई न्याय मंत्री ने की प्रेस वार्ता

श्रीलंका के न्याय मंत्री विजयदास राजपक्षे ने सोमवार को एक प्रेस वर्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत उनसे अपने कानून के अनुसार निपटेगा। हम इसकी जांच करेंगे कि क्या श्रीलंका में रहते हुए वे किसी आंतकी गतिविधि में शामिल थे। हम इसकी भी जांच करेंगे कि क्या उन्होंने हमारे देश में किसी समूह की मदद की।

### आरोपियों की पहचान हो गई है। इनके नाम ऐसे हैंः-

आरोपी मोहम्मद नुसरत (35)
मोहम्मद फारुख (35)
मोहम्मद नफरान (27)
मोहम्मद रासदीन (43)

जांच दल की मानें तो आरोपियों ने कुबूल किया कि वे पहले प्रतिबंधित कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन, नेशनल तौहीद जमात (एनजेटी) से जुड़े थे। बाद में वे पाकिस्तानी हैंडलर अबू बक्र अल बगदादी के संपर्क में आए और आईएस में शामिल हो गए। गतिविधियों को अंजाम देने के लिए लोगों को श्रीलंकाई मुद्रा में 4 लाख रुपये का भुगतान किया गया था।

### पुलिस ने कहा...सफल जांच की जा रही है

वहीं,श्रीलंकाई पुलिस प्रमुख देशबंधु टेनाक्लून ने कहा कि जनता को देश में किसी भी संभावित हमले से डरने की ज़रूरत नहीं है। हमने हमेशा जनता को आतंकी गतिविधियों के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी दी है। राष्टीय सुरक्षा सुनिश्चित करना हर किसी की जिम्मेदारी है। जनता अगर पुलिस के निर्देशों का निष्ठापूर्वक पालन करें तो डरने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं मामले में दैनिक प्रगति पर नजर रख रहा हूं। एक सफल जांच की जा रही है।

## हमास-इस्राइल में फिर तेज हुई जंग, राफा में नागरिकों के मारे जाने पर नेतन्याहू सरकार ने दी सफाई



**यरुशलम,27 मई 2024।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। इधर, हमास और इस्राइल बीते सात महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। अब तक 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, अब एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। हमास के तेल अवीव के वाणिज्यिक केंद्र पर हमले के बाद इस्राइल ने राफा में एक शिविर पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इस हमले में कथित तौर पर कम से कम 35 फलस्तीनी मारे गए हैं। अब हमलों को लेकर भी हमास और इस्राइल में बहस छिड़ गई है। गाजा के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापित लोगों के एक केंद्र पर इस्राइल ने हमला किया, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए। जबकि इस्राइली सेना ने कहा कि उसने सिर्फ हमास के सदस्यों को निशाना बनाया था।

### रविवार को हमास ने किया था हमला

बता दें,फलस्तीनी आतंकी संगठन हमास ने लंबे समय के बाद गाजा से रविवार को इस्राइल पर रॉकेट दागे। इससे राजधानी तेल अवीव में सायरन बज उठे और लोग सहम गए। इस हमले में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जनवरी के बाद गाजा की तरफ से लंबी दूरी के रॉकेट दागे जाने का पहला मामला है। हालांकि, गाजा सीमा पर हमास के आतंकी इस्राइली समुदाय पर छिटपुट रॉकेट व मिसाइलें दागते रहे हैं। हमास ने हमले का दावा करते हुए कहा कि मध्य गाजा में रॉकेट लॉन्च के धमाके सुने जा सकते हैं। इस्राइली सेना ने कहा कि गाजा सिटी के राफा से दो गए आठ रॉकेट इस्राइली सीमा में प्रवेश कर गए। इसी इलाके में इस्राइली सेना ने हाल में आतंकियों के खिलाफ अभियान चलाया था।

### अबतक इतने लोग मारे गए

युद्ध शुरू होने के बाद से फलस्तीन के 35,984 लोग मारे गए हैं और 80,643 अन्य घायल हुए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया कि आईडीएफ ने गाजा पट्टी में आठ नरसंहार किए। इसमें आगे कहा गया है कि कई पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं या सड़कों पर हैं। इसलिए एंबुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल उन तक नहीं पहुंच सकते। उधर, रॉयटर्स ने जानकारी दी कि रफाह में इस्राइली हमलों में कम से कम 20 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि रफाह पर इस्राइल के हवाई हमले में 22 लोग मारे गए हैं, जो शिविरों में रह रहे थे। सीएनएन के मुताबिक,मृतकों का यह आंकड़ा बढ़कर 35 हो गया है।

## फिर ताइवान के पास दिखे 21 चीनी सैन्य विमान,11 नौसैनिक,4 तटरक्षक जहाज,जवाबी कार्रवाई की तैयारी

**नई दिल्ली,27 मई 2024।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रविवार को सुबह से सोमवार सुबह तक 21 चीनी सैन्य विमान और 11 चीनी नौसैनिक जहाज और चार चीनी तट रक्षक जहाज ताइवान के क्षेत्र के पास मौजूद पाए गए। वहीं ताइवान भी इसकी जवाबी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। ताइवान जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव ने क्षेत्र में कई सारी भू-राजनीति समस्याएं सामने आई हैं। जिसमें ताइवान ने चीन से बढ़ते सैन्य दबाव के चलते अपनी संप्रभुता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। लाई चिंग-ते के ताइवान के राष्टपति के रूप में शपथ लेने के कुछ दिन बाद चीन ने बृहस्पतिवार को दो दिवसीय सैन्य अभ्यास प्रारंभ किया। जिसमें उसने ताइवान को घेर लिया।

शनिवार को भी ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने ताइवान के आसापास सात चीनी सैन्य विमानों और 10 चीनी नौसैनिक जहाजों का पता लगाया। ताइवान के एमएनडी के अनुसार सुबह 6 बजे तक द्वीप के आसपास के क्षेत्र में सात पीएलए विमान और 14 पीएलएएन जहाज और चार चीन तटरक्षक जहाजों को ट्रैक किया था।

ताइवान मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास 7 पीएलए विमान,14 पीएलएएन जहाज और चार सीसीजी जहाज संचालित होते देखे गए। ताइवान के एमएनडी के अनुसार 21 चीनी सैन्य विमानों में से 10 ने ताइवान के दक्षिण पश्चिमी और दक्षिणी-पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। वहीं इसके जवाब में ताइवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी की। नौसेना के जहाजों और तटीय मिसाइलों को तैनात किया।

## अमेरिका के कई राज्यों में आया भयंकर तूफान,दो बच्चों समेत 18 की मौत...बड़ी संख्या में घर तबाह

**वॉशिंगटन,27 मई 2024।** अमेरिका के टेक्सास,ओक्लाहोमा और अरकंसास राज्यों में शक्तिशाली तूफान ने तबाही मचाकर रख दी। यहां दो बच्चों समेत कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं, तूफान की वजह से हजारों घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बिजली गुल हो गई। इसके अलावा, तूफान से कई घर भी तबाह हो गए। पूरे क्षेत्र में रात भर खराब मौसम रहने के बाद आपातकालीन टीम गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद के लिए रवाना हुई।



### भूकंप से हुई तबाही बहुत गंभीर

अधिकारियों ने कहा कि कई लोग घायल हुए हैं। टेक्सास में कुक काउंटी के शेरिफ रे सैपिंगटन ने कहा कि भूकंप से हुई तबाही बहुत गंभीर है। मारे गए सात लोगों में दो और पांच साल के दो बच्चे और एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। तूफान से ट्रकों का एक ठहरावस्थल भी क्षतिग्रस्त हो गया जहां दर्जनों लोग शरण लेने के लिए पहुंचे थे।

### मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

अधिकारियों ने बताया कि ओकलाहोमा सीमा के पास टेक्सास के कुक काउंटी में शनिवार रात आए तूफान ने एक ग्रामीण इलाके में मोबाइल होम पार्क के पास तबाही मचाई। यहां सिर्फ मलबा बचा है। शेरिफ ने आगे कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि रविवार सुबह लापता हुए कुछ लोगों की तलाश एवं बचाव अभियान जारी है।

### घरों के साथ-साथ अन्य इमारतें भी नष्ट

रिपोर्ट के अनुसार, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने रविवार को कहा कि शनिवार को आए तूफान में करीब 100 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि 200 से अधिक घरों के साथ-साथ अन्य इमारतें भी नष्ट हो गईं। इसके अलावा 100 से अधिक अन्य क्षतिग्रस्त हो गए।

वैली व्यू में भी तूफान का कहर देखने को मिला। घरों और व्यवसायों का मलबा देखने को मिला। इतना ही नहीं भयंकर तूफान ने पेड़ों और बिजली लाइनों को भी तबाह कर दिया। बता दें,वैली व्यू कार द्वारा डलास से लगभग एक घंटे उत्तर में है। अधिकारियों ने बताया कि डेंटन काउंटी में कई लोगों को एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया है।





## कलेक्टर की मौजूदगी में मतगणना कार्य में संलग्न गणना पर्यवेक्षक, सहायक और माइक्रो आब्जर्वर का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 मई 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 4 जून को मतगणना होनी है जिसके लिए पॉलीटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर को मतगणना स्थल निर्धारित किया गया है। मतगणना कार्य हेतु मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति की जा रही है, इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर की मौजूदगी में सोमवार को मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रोआब्जर्वर का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। इसमें 72 मतगणना पर्यवेक्षक, 83 मतगणना सहायक और 63 माइक्रोआब्जर्वर के लिए रेंड माइजेशन किया गया है।

### 28 मई को होगा मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक का होगा प्रशिक्षण

28 मई को सुबह 10 बजे से कार्यालय जिला पंचायत सभाकक्ष सरगुजा में मतगणना पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) एवं मतगणना सहायक का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

इसी तरह 29 मई को जिला पंचायत सभाकक्ष में ही मतगणना माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## पंचायत सचिव संघ प्रदेशअध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा ने सचिव संघ के पदाधिकारी जिला अध्यक्षों की ली बैठक

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 मई 2024 (घटती-घटना)।**

पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा के आह्वान पर सोमवार को रायपुर में सचिव संघ के प्रदेश के जिला अध्यक्ष व पदाधिकारीयो की बैठक आहूत की गई। सचिव संघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा का फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। सचिव संघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा ने जिलाअध्यक्ष और पदाधिकारी के साथ चर्चा करते हुए सचिव संघ के हित में कार्य करने सहित अपने शासकीयकरण मांग को लेकर रायसुमारी की है। इस दौरान लंबे समय से पंचायत सचिव संघ के शासकीयकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर चर्चा करने की बात कही हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रदेश के जिला अध्यक्ष और पदाधिकारी मौजूद रहे।



# एनएच 130 हंसडाड़ सड़क किनारे सेटलमेंट जमीन बताकर किया जा रहा बिक्री

**» पटवारी और अधिकारियों की मिली भगत से शासकीय बेस कीमती जमीन पर दिलाया जा रहा कब्जा...**

**- मनोज कुमार -**
**लखनपुर,27 मई 2024 (घटती-घटना)।**

एन एच 130 बिलासपुर मार्ग के अमगस्सी से सिंगीटाना तक बेस कीमती भूमि को कब्जा दिलाने का खेल चल जोरो शोरो चल रहा है।लखनपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत भू माफिया पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहें हैं।साथ ही साथ राजस्व विभाग के पटवारी सहित तहसील कार्यालय के अधिकारियों से भूमाफियाओं का मधुर संबंध बताया जा रहा है। जिसके कारण भू माफिया क्षेत्र पर काफी सक्रिय दिख रहे हैं और भूमाफियाओं का तत्काल तहसील कार्यालय कार्य किया जाता है। विकासखण्ड के ग्रामीण आय जाति निवास सहित जमीन संबंधित कार्यों के निपटारे के लिए तहसील कार्यलय के चक्कर काट कर परेशान हो





राजस्व मामलों को लेकर तहसील कार्यालय का चक्कर काटने को मजबूर फिर भी नहीं हो पा रहा उनका निराकरण।

लखनपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत अंबिकापुर

कीमती भूमियों का कब्जा दिलाने का खेल परंपरागत तरीके से चला रहा है । उच्च अधिकारी इस मार्ग में प्रतिदिन आना-जाना लगा है परंतु आंख में पट्टी बांधकर अतिक्रमण हटाने की

रहा है जिसके कारण अमगसी से लेकर सिंगीटाना के राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में अतिक्रमण चरम सीमा पर है और जिसे देखकर यह प्रतीत होता है कि जल्द ही यह

कर्मचारी सिर्फ मूंग बधिर बनाकर सिर्फ तमाशा देख रहे है। वही बताया जा रहा है कि ग्राम हंसडाड़ के राष्ट्रीय राजमार्ग के पुराने पक्की सड़क पर अतिक्रमण कर पक्के की

उक्त संदर्भ में हल्का पटवारी नितिन तिवारी से जानकारी पूछे जाने पर बताया गया कि उक्त भूमि सेटलमेंट की है और पूर्व में उनका सड़क का मुआवजा नहीं मिला था इसलिए वर्तमान में उक्त जमीन सेटलमेंट होने के कारण उसे खरीदी-बिक्री किया गया है। एनएच से 15 मीटर छोड़कर सेटलमेंट जमीन की बिक्री की गई है।

**हल्का पटवारी**
**नितिन तिवारी**

एनएच किनारे सड़कों पर हो रहे कब्जे और निर्माण को लेकर कहा की एनएच सड़क के लिए 30 मीटर भूमि अधिग्रहण करते हैं। जिसमे नाली, पलानटेसन, बिजली खंभा ,केबल, सहित अन्य कार्यों किए जाता है। मेरे संज्ञान में आया हैं की एनएच की भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। नोटिस देकर उचित कार्यवाही कराई जायेगी।

**सीएनएच मुख्य कार्यपालन अभियंता**

CMYK


# डॉ प्रिंस जायसवाल की सुरजपुर एसपी से हुई शिकायत,शिकायतकर्ता ने कहा डॉक्टर प्रिंस जायसवाल की डिग्री फर्जी है एफआईआर दर्ज करें...

## डॉक्टर प्रिंस जायसवाल है... सूरजपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीपीएम, लगातार सुर्खियों में रहना है इनकी आदत में है शुमार

## प्रतिदिन एनएचएम में लगे वाहन से बैकुण्ठपुर से आना-जाना कर रहे हैं सुरजपुर डीपीएम...इसकी अनुमति किसने दी ?

-ओंकार पाण्डेय-
सुरजपुर 27 मई 2024
(घटती-घटना)।

जिले के स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ प्रभारी डीपीएम डॉ प्रिंस जायसवाल के खिलाफ बैकुंठपुर के सामाजिक कार्यकर्ता संजय जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक सुरजपुर को गंभीर शिकायत कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। सुरजपुर एसपी को दी शिकायत में सामाजिक कार्यकर्ता संजय जायसवाल ने बताया है कि डॉ प्रिंस जायसवाल जो कि प्रभारी डीपीएम बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया छ.ग. में पदस्थ थे, इनकी काफी शिकायतों के कारण इनका स्थानान्तरण सूरजपुर जिला- सूरजपुर (छ.ग.) कर दिया गया है एवं वर्तमान में सूरजपुर में कार्यरत है। आगे उन्होंने उल्लेख किया है कि डॉ0 प्रिन्स जायसवाल द्वारा मॉस्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ का कोर्स कालरॉक्स टीचर्स यूनिवर्सिटी से सन् 2012-14 में किया गया है, यूनिवर्सिटी के हेल्प लाईन नम्बर पर सम्पर्क करने पर पता चला है कि सन् 2012 से 2014 के बीच फर्जी डिग्री का वितरण किया गया है और रिजल्ट में हस्ताक्षरित रजिस्ट्रार एस0 के0 गुप्ता जो कि वर्तमान में फर्जी डिग्री प्रकरण में जेल में है। उन्होंने डॉ प्रिंस जायसवाल की डिग्री की जांच करते हुए इनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।


प्रति
श्रीमान् थाना प्रभारी
थाना- सूरजपुर,
जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

विषय :- डॉ0 प्रिंस जायसवाल, प्रभारी डी0पी0एम0, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर छ.ग. के मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ के फर्जी डिग्री की जांच करते हुए एफ0 आई0 आर0 दर्ज करने बावत्।
----000----

महोदय,
उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रार्थी का निम्न निवेदन सादर प्रस्तुत है :-
01) यह कि डॉ0 प्रिंस जायसवाल जो कि प्रभारी डी0 पी0 एम0 बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया छ.ग. में पदस्थ थे, इनकी काफी शिकायतों के कारण इनका स्थानान्तरण सूरजपुर जिला- सूरजपुर (छ.ग.) कर दिया गया है एवं वर्तमान में सूरजपुर में कार्यरत है।
03) यह कि डॉ0 प्रिन्स जायसवाल द्वारा मॉस्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ का कोर्स Calorx Teachers' Univesity से सन् 2012-14 किया गया है, यूनिवर्सिटी के हेल्प लाईन नम्बर पर सम्पर्क करने पर पता चला कि- सन् 2012 से 2014 के बीच फर्जी डिग्री का वितरण किया गया है और रिजल्ट में हस्ताक्षरित रजिस्ट्रार एस0 के0 गुप्ता जो कि वर्तमान में फर्जी डिग्री प्रकरण में जेल में है।
अतः श्रीमान् जी से निवेदन है कि इनके डिग्री की जांच करते हुए इनके विरुद्ध एफ0 आई0 आर0 दर्ज करने का कष्ट करें।

दिनांक -21.5.24
संलग्न :- रिजल्ट की छायाप्रति।
प्रतिलिपि :-
01. श्रीमान् कलेक्टर महोदय, जिला- सूरजपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।
02. श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

भवदीय
(संजय जायसवाल)
अध्यक्ष गांधी नागरिक एकता मंच
पार्षद, वार्ड क्र. 20, जूनापारा
बैकुंठपुर, जिला- कोरिया छ.ग
मो0 6261808656

**कलेक्टर साहब इधर भी लीजिए संज्ञान -** सुरजपुर डीपीएम एनएचएम के खर्च पर लगाए वाहन का निजी उपयोग कर रहे है,वो रोजाना बैकुण्ठपुर से सुरजपुर आना-जाना कर रहे है,क्या उन्हें आने जाने का सरकारी खर्च की अनुमति प्रदान की गई है? एनएचएम में लगे वाहन का खर्च तमाम दौरे में दिखा दिया जाएगा,सुरजपुर जिला प्रशासन को इस मामले में जांच कर एफआईआर दर्ज करना चाहिए,कोरिया में उन्होंने इसी तरह किराए के वाहन का जमकर दुरुपयोग किया परंतु दर्जनों शिकायत के बाद कोरिया जिला प्रशासन के कान में जूं तक नही रेंगी। वहीं अब प्रभारी डीपीएम सूरजपुर जिले में अपनी मनमानी करते नजर आ रहे हैं। बता दें की प्रभारी डीपीएम सूरजपुर कोरिया जिले में काफी सुर्खियों में रह चुके हैं।

### क्या सूरजपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग को भी खोखला करने का काम कर रहे हैं वर्तमान में पदस्थ प्रभारी डीपीएम ?

सुरजपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीपीएम कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग खासकर एनएचएम विभाग को खोखला कर चुके हैं,अब वह काफी शिकायतों के बाद सूरजपुर भेजे गए हैं। वैसे कोरिया जिले से उन्हे शिकायतों के बाद ही हटाया गया था और उनका पद संविदा का था जिससे उन्हे मुक्त भी किया जा सकता था लेकिन वह सूरजपुर जिले भेज दिए गए। अब सवाल यह उठ रहा है की क्या सूरजपुर जिले में भी एनएचएम विभाग खोखला करने पहुंचे हैं डॉक्टर प्रिंस जायसवाल। वैसे डॉक्टर प्रिंस जायसवाल को लेकर माना जाता है की वह स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर हो सके इसकी बजाए भ्रष्टाचार की संभावनाओं के हिसाब से जमे हुए हैं।

### वैश्विक महामारी के दौरान कोरिया जिले में एन एच एम में जमकर हुआ है खेल,तब प्रभारी एनएचएम थे डॉक्टर प्रिंस जायसवाल

डॉक्टर प्रिंस जायसवाल वही प्रभारी डीपीएम हैं जो कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान कोरिया जिले के प्रभारी थे। तब एनएचएम कोरिया में जमकर भ्रटाचार का खेल हुआ था। तब सरकार कांग्रेस की थी और तब भी डॉक्टर प्रिंस जायसवाल की काफी चलती थी सत्ता के गलियारों में। अब सत्ता परिवर्तन उपरांत डॉक्टर प्रिंस जायसवाल फिर सुर्खियों में हैं और इस बार वह भाजपा नेताओं के साथ करीबियों के लिए भी प्रसिद्ध हैं।

## पुलिस ने की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

# कोयला चोरी करने पहुंचे 13 ग्रामीणों को पुलिस ने धर दबोचा



-संवाददाता-
लखनपुर,27 मई 2024
(घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के अमेरा खुली खदान से ग्रामवासियों के द्वारा कोयला चोरी कर मोटरसाइकिल और साइकिल में ढुलाई करते हुए कोयला खापाया जा रहा था लगातार कोयला चोरी की सूचना पुलिस को मिल रही थी। सूचना उपरांत सरगुजा पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमलोक सिंह ढिल्लों के निर्देशानुसार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पटेल के मार्गदर्शन में लखनपुर और उदयपुर पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर अमेरा खुली खदान में दबिश दी और अमेरा खुली खदान कोयला चोरी करने आये ग्रामीणों को मोटरसाइकिल एवं साइकिल के साथ पकड़ा। ग्रामीण जयसिंह पिता सियाराम 30 वर्ष, सुखसाय पिता वीर साय उम्र 22 वर्ष पतराटोली थाना दारिमा, महर राम पिता चमरा राम 40 वर्ष ग्राम कटकोना थाना लखनपुर,धनेश्वर राजवाड़े पिता रामदेव 31 वर्ष,मनीष कुमार पिता बालेश्वर 22 वर्ष,मुनेश्वर राजवाड़े पिता बेसाहू राजवाड़े 35 वर्ष , राजेंद्र राजवाड़े पिता स्व शिवनाथ राम 30 वर्ष,चांदीराम राजवाड़े पिता राजनाथ राजवाड़े 30 वर्ष, शिवकुमार पिता रामदेव उम्र 24 वर्ष, सेठराम पिता राम सुंदर 35 वर्ष, धनेस्वर राजवाड़े पिता बेसाहु राजवाड़े 40 वर्ष,सूरज कुमार पिता सुंदर गुप्ता 35 वर्ष,संजय कुमार पिता गौतू राम 24 वर्ष ग्राम गोरता थाना लखनपुर निवासि विरुद्ध धारा 151 107 116 (3) जाफौ के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में थाना लखनपुर के थाना प्रभारी मनोज प्रजापति प्रधान आरक्षक मुक्तिलाल तिर्की , बलभद्र राम ठाकुर ,आरक्षक अजय पर राजेंद्र पर डॉक्टर सिद्धार्थ सैनिक नंदलाल उदयपुर थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर, अजय शर्मा,सुरेंद्र बारी रामकुमार यादव मौजूद रहे और लगातार कोयला चोरी को लेकर कार्यवाही जारी रहेगी।

# पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा बुआ व फूफा ही निकले अपने भतीजे के हत्यारे

-संवाददाता-
पटना/बैकुन्ठपुर,
27 मई 2024
(घटती-घटना)।



पटना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोंड़ में एक महिने पूर्व हुई अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा कर जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि दिनांक 19 अप्रैल 2024 की सुबह 08 बजे थाना पटना में मृतक के भाई से सूचना प्राप्त हुई कि सानू पनिका उर्फ़ धनेश्वर पिता रामचंद्र उम्र 21 वर्ष निवासी खोड, पंडोपारा थाना पटना जिला कोरिया अपनी बुआ के घर के बाहर कुआँ के पास मरा पड़ा हुआ है। जहां थाना पटना एवं साइबर सेल की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम में डॉक्टर द्वारा हत्या किया जाना लेख किए जाने पर उक्त घटना की जानकारी से तत्काल पुलिस अधीक्षक कोरिया श्री सूरज सिंह परिहार को अवगत कराया गया। एसपी कोरिया द्वारा केस को प्राथमिकता पर लेकर आवश्यक कार्यवाही कर आरोपी के पड़ताल एवं गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कोरिया के निर्देशन पर विशेष टीम गठित होकर थाना पटना में अप. कमांक 113/2024 धारा 302, 201 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी निरंतर की जा रही थी। पतासाजी के दौरान कोरिया पुलिस, मृतक के परिवार के सभी सदस्यों से बारी-बारी से पूछताछ कर रही थी एवं सायबर सेल की टीम निरंतर टेक्नोलॉजीकल इनपुट के विश्लेषण के माध्यम से जाँच में जुटी हुई थी। एक सप्ताह की अथक मेहनत के बाद केस का खुलासा हो पाया। प्रारम्भ में मृतक की बुआ अमरावती देवी एवं फूफा बजरंग पनिका द्वारा पुलिस को काफी उलझाने का प्रयास किया गया, जिस पर पुलिस को शंका हुई एवं पुलिस द्वारा बार-बार घटनाक्रम की जानकारी लेने के उपरांत दोनों आरोपी अपनी ही बनायी गयी झूठी कहानी मे उलझ कर पुलिस द्वारा चतुराई से पूछे गये प्रश्नों से आरोपीगण घटना की वास्तविकता बताने को विवश हो गए। आरोपीगण द्वारा हत्या प्रमाणित पाए जाने पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 302, 201, 34 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

### जादू टोना के चकर में अपने ही मुँहबोले भतीजे को उतरा मौत के घाट

पूछताछ में पता चला कि मृतक सानू पनिका उर्फ़ धनेश्वर चौत्र नवरात्रि के दौरान अपने रिश्ते की बुआ अमरावती के घर पर ही रात्रि विश्राम करता था। अमरावती एवं बजरंग नवरात्रि जवारा पूजा पाठ का 12 वर्ष पूर्ण कर चुके थे एवं अमरावती अपने अंधविश्वास के चक्कर में कि पूजा पाठ पूर्ण नहीं हुआ है, जादू टोना करके अपने ही मुँहबोले भतीजे का बाल काटकर आहुति देना चाह रही थी। रात्रि को जब सानू छत पर सो रहा था उसी दौरान आरोपी अमरावती के द्वारा सानू का बाल काटने पर उसने इसका विरोध किया। जिस पर अमरावती का पति आरोपी बजरंग गमछा से सानू का गला दबाने लगा एवं अमरावती द्वारा पास में पड़े सब्बल से पीछे की तरफ वार कर दी,जिससे सानू की मृत्यु हो गई।

### शव को कुआँ में फेकने की थी तैयारी

आरोपियों ने बताया कि इसके बाद दोनो,मृतक को गमछा की सहायता से घसीटकर शव को कुआँ में फेकना चाह रहे थे, किन्तु शव को लेकर जब कुआँ के पास पहुँचे ही थे, तब किसी की आहट सुनकर लाश को वही छोड़कर घर के अन्दर चल दिए।

### पुलिस की लगातार पूछ ताछ व पिटाई से आरोपी हुआ बेहोश

पुलिस की लगातार पूछताछ के कारण अमरावती बेहोश हो गई थी, जिसे पुलिस अपनी गाड़ी में 26 मई की सुबह 5 बजकर पांच मिनट पर भर्ती कराया वहां पर्ची काटने वाले हास्पीटल आपरेटर आशीष व ईलाज कर रहे डाक्टर सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस वाले उसे यहां लेकर आए हैं उसके हाथों में सूजन है अभी बातचीत नहीं कर सकती।

# जीवन अमूल्य है वाहन सावधानी से चलाएंःकलेक्टर श्री लंगेह

**ओवरलोडिंग व मालवाहक वाहनों पर सवारी बैठाने पर होगी कड़ी कार्यवाही,पशुओं को सड़क पर न छोड़े,पशुपलकों से वसूली जाएगी जुर्माना व होगी कार्यवाही**

-संवाददाता-
कोरिया,27 मई 2024
(घटती-घटना)।



जिला कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने सभी वाहन मालिकों व चालको से अपील करते हुए कहा है कि जीवन अमूल्य है, वाहन बेहद सावधानी पूर्वक चलाएं। श्री लंगेह ने मालवाहक संचालकों,ठेकेदारों व वाहन चालकों से कहा है किसी भी हालत में इन वाहनों में सवारी,श्रमिकों को न बैठाएं। ऐसे करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मालवाहकों में सवारी ले जाने, बस-जीप में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर कार्यवाही करें। ओवरलोड माल वाहन चालकों एवं मालवाहक वाहनो/पिकअप आदि पर श्रमिकों व आम लोगों को ढोने,ओवरलोडिंग तथा ऐसे वाहनों में सवारी ले जाने वालो के खिलाफ निरंतर चेक पॉइंट लगाकर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। श्री लंगेह ने पशुपालकों व आम लोगों से अपील की है कि पशुओं को सड़कों पर न छोड़े, इससे दुर्घटना की आशंका बनी होती है। पशुपालन विभाग,नगरीय निकाय व सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़कों में रहने,बैठने वाले आवारा व घुमन्तू मवेशियों के पालकों का चिन्हाकन करते हुए उनसे जुर्माना वसूली करें साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करें।

कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन अमूल्य है। आए दिन सड़क दुर्घटना होने से जानमाल के नुकसान होते हैं। उन्होंने चारपहिया व दोपहिया वाहन चालकों से कहा कि वाहन चलाते समय शीटबेल्ट व हेलमेट जरूर धारण करें। ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी है कि सड़को पर सावधानी पूर्वक वाहन चलायें, तेज गति व लापरवाही से वाहन बिल्कुल न चलाएं तथा सड़क दुर्घटना को रोकने के प्रयासों में जिला व पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग करें।

# हर पात्र हितग्राही को आवास मिले तथा स्वीकृत आवास निर्धारित समय में पूर्ण होःकलेक्टर

-संवाददाता-
एमसीबी,27 मई 2024
(घटती-घटना)।




जनपद पंचयत मनेन्द्रगढ़ के अमृत सदन में कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट एवं परियोजना निदेशक श्री नितेश उपाध्याय ने किया सचिवों की समीक्षा। शासन की मंशा अनुसार एक-एक पंचायतों में बन रहे आवास कि प्रगति की समीक्षा करते हुए सचिवों के द्वारा बताए गए समस्याओं के निदान के लिए कलेक्टर ने कई वर्षो से अप्रारंभ आवास की सूची एसडीएम कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिस पर वसूली की कार्यवाही की जावेगी। पंचायत सचिवों को निःसहाय/एकल बुजुर्ग मुखिया जैसे हितग्राहियों के आवास पूर्ण कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए आवास निर्माण में लगने वाले सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये एवं ऐसे हितग्राहियों को चिन्हित करने को कहा गया जो आवास निर्माण का कार्य बंद कर राशि का दुरुपयोग कर लिए हैं। कलेक्टर ने अपनी मंशा रखते हुए अधिकारियों/कर्मचारियों से कहा कि हर किसी को आवास मिले एवं स्वीकृत आवास निर्धारित समय में पूर्ण हो ये जिला प्रशासन का लक्ष्य है। परियोजना निदेशक ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत सभी ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य तथा उनकी जियो टैगिंग एवं ओडीएफ प्लस बनाए जाने की कार्यवाही शीघ्र किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ग्रामों में डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण यूजर चार्ज पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। बाजार, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल एवं पुलिस थानों में सामुदायिक शौचालय की उपलब्धता एवं उपयोगिता हेतु निर्देशित दिया गया। प्लास्टिक प्रबंधन इकाई का संचालन, एफएसटीपी प्लांट का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कार्यालय से सिमेन्द्र कुमार सिंह, श्री राजेश जैन एवं जनपद पंचायत सीईओ, पीओ, टीए, सचिव सहित रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# प्रशासन के द्वारा एक ही दिन में रोके गए दो बाल विवाह

-संवाददाता-
सूरजपुर,27 मई 2024
(घटती-घटना)।



कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के समक्ष लड़की के माता पिता ने लिखित शिकायत किया की उनकी बालिका जो 19 वर्षिय की है। उसे उनके रिशतेदार अपने 18 वर्षिय पुत्र से विवाह हेतु ले आये है और 05 जून को उसका विवाह कर देने वाले है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को निर्देशित किया की जांच करें और कार्यवाही करें। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने पुलिस महिला बाल विकास विभाग, चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम के साथ ग्राम सतपता विश्रामपुर गई। संबंधित स्कूल से दस्तावेजों का परीक्षण करने पर पता चला की बालकों का उम्र मात्र 16 वर्ष 09 माह हुआ है। घर जाकर घरवालों से भी शैक्षणिक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा तो कक्षा 05 वीं का अंक सूची प्रस्तुत किया गया उसमें भी बालक का जन्म तिथि वही निकला। लड़की का कथन लड़के के पिता का कथन, पंचनामा तैयार किया गया और लड़की का विवाह संपन्न ना हो इस लिए ले जाकर सखी वन स्टाप सेंटर सूरजपुर में संरक्षित किया गया। बालिका को समझाइस दी गई की उनका विवाह यदि हो जाताा है तो बालिका को सजा हो जायेगा तब जाकर बालिका विवाह नहीं करने को तैयार हुई।

दूसरा प्रकरण प्रतापपुर विकास खण्ड़ के दुरूस्त रेंवटी के पास के ग्राम रामपुर में एक 19 वर्षिय बालक के मण्डप गाड़ने और बारात उत्तर प्रदेश जाने की सूचना पर प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती संतोषी सिंह के साथ सेक्टर सुपरवाईजर श्रीमती सावित्री गुप्ता पुलिस बल के साथ ग्राम पहुंचे जहां दस्तावेज का परिक्षण पश्चात समझाइस दिया गया। परिजन विवाह रोकने को तैयार हो गये और मण्डप उखाड़ दिये,दो वर्ष हो जाने के बाद ही विवाह करने की बालक का दस्तावेज तैयार किया गया। बाल विवाह रोकवाने में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल,सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अंजनी साहू,जिला बाल संरक्षण इकाई श्री पवन धीवर, चाईल्ड लाईन से कु. शीतल सिंह, श्री प्रकाश राजवाड़े,थाना विश्रामपुर से श्री विकास सिंह, आरक्षक बिहारी पाण्डेय महिला प्रधान आरक्षक कांस्टेबल कमला सिंह उपस्थित थे।

# जीवनदीप समिति से चाय नाश्ते का बिल हुआ पास,नियुक्तियों को लेकर जल्द गोंडवाना गणतंत्र पार्टी करेगी आंदोलन...

### बिना आरक्षण रोस्टर कर दी नियुक्तियां

कांग्रेस सरकार के रहते नवंबर 2023 में कई लोगों की नियुक्तियां जीवनदीप समिति के तहत कर दी गई, जिसमें आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किया गया, वहीं सरकार बदलते ही जीवनदीप समिति पर नेताओं के साथ कई दमदार लोगों की नजर बनी रही,सूत्रों की माने तो नेताओं ने अपने चहेतों की सूची भेजी तो कुछ दमदार लोगों ने नेताओं ने लिखवा कर अपने चहेतो के नाम भेज दिए,यह भी बता दिया गया कि इनकी नियुक्ति तो करना ही है,साथ में शाखा भी बता दिया कि इनको वित्त शाखा देना है। मामला गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल प्रबंधन ने नियुक्तियों की फाइल कलेक्टर के पास भेज दी, बाद में मामला संवेदनशील देखते हुए कलेक्टर ने पूरी की पूरी फाइल वापस कर दी और किसी की नियुक्ति नहीं की, 2023 नंबवर माह में जीवनदीप समिति में हुई नियुक्तियों के साथ स्वास्थ्य विभाग में हुए बड़े गड़बड़झाले को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कलेक्टर से शिकायत भी की है। परन्तु अब तक उस पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है।

-रवि सिंह-
कोरिया,27 मई 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग का हाल बेहाल है। बीते दो वर्षो से वित्तीय नियमों को दरकिनार कर बड़ी वित्तीय अनियमितताएं जारी है। हाल ही में जीवनदीप समिति में बिना आरक्षण रोस्टर का पालन किए नियुक्तियां कर दी गई और जब जीवनदीप समिति की राशि से चाय तक पीने की अनुमति नहीं है उसमें लाखों रूपए चाय नाश्ते के लिए खर्च कर दिए गए।

अब जिला अस्पताल के सीएस राजेन्द्र बंसरिया का कहना है ऐसा नहीं हुआ है। मेरे समय का नहीं होगा। यदि ऐसा हुआ है तो जांच की जाएगी। दूसरी ओर इस संबंध में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय कमरो का कहना है चूंकि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता और चुनाव में व्यस्तता थी,आचार संहिता के पूर्व हमारी शिकायत पर जिला प्रसासन ने कोई कार्यवाही भी नहीं की है,जिस तरह आरक्षण




रोस्टर का पालन किए बगैर जीवनदीप समिति में नियुक्तियां की गई है साथ ही स्वास्थ्य विभाग में बीते दो वर्षों में हुए घोटालों को लेकर पार्टी आचार संहिता के बाद बड़ा आंदोलन करेगी, पार्टी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रही है।

### जिला अस्पताल बैकुंठपुर का जेडीएस का खाता कलेक्टर ने सीज कर रखा है, परन्तु भुगतान कैसे हुआ जारी ?

स्वास्थ्य विभाग के जिला अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और उपस्वास्थ्य केन्द्रों में जीवनदीप समिति का गठन किया गया है,सभी में विभिन्न तरह के व्यय करने के लिए गाईडलाइन निर्धारित है। परन्तु जिला अस्पताल में उक्त गाईडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। वैसे जिला अस्पताल बैकुंठपुर का जेडीएस का खाता कलेक्टर ने सीज कर रखा है,परन्तु भुगतान जारी है। दरअसल,वर्ष 2023 के माह नंबवर और दिसंबर के बीच एक महिने में जिला अस्पताल में जमकर वित्तीय अनियमितताएं बरती गई,इस दौरान तत्कालिन सीएस अपने इलाज के लिए अवकाश पर गए हुए थे, जब लौटे तो उन्होने तमाम हुए खर्च की फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं किए, फरवरी में वो रिटायर हो गए, इधर, सीएस बदलते ही पुरानी फाइलों के अनुमोदन के लिए कलेक्टर के पास फाइले भेजी गई,जिसके बाद उन्होनें फाइलों की जांच के लिए ट्रेजरी अफसर को निर्देष दिए, सूत्र बताते है कि फाइलों में कई बड़ी कमियां पाई गई,इसके बाद बैकडेट में आदेश बनाकर जैसे तैसे पूरा कर राषि का आहरण कर लिया गया। वहीं जीवनदीप समिति की गाईडलाइन में चाय नाश्ते के खर्च के लिए अनुमति नहीं है, सूत्र बताते है कि बावजूद इसके लगभग पौने दो लाख की राशि जीवनदीप समिति के खाते से खर्च कर दी गई।

## कृषि विभाग की ओर से ठेका कंपनी द्वारा किसानों को बांटे गए घटिया पंप की हुई शिकायत

-संवाददाता-
कोरबा,27 मई 2024 (घटती-घटना)।




कोरबा जिले के विकासखंड करतला ब्लॉक अंतर्गत कृषि विभाग की ओर से जिला खनिज न्यास के साथ ही योजना के तहत बिजली पंप दिया जाता है, लेकिन ठेका कंपनी पर घटिया पंप बाटने का आरोप किसानों ने लगाया हैं, जो एक से दो महीने के बीच ही खराब हो गया। उनका कहना हैं की शिकायत के बाद भी खराब हो चुके पंप को नहीं बदला जा रहा है। पीड़ित किसानों ने जिला अधिकारियों से इसकी शिकायत की है। ग्राम पंचायत सुखरीखुर्द के नागेश्वर, नवापारा के सिद्ध राम और भगवती यादव के खेत में जून 2023 में कृषि विभाग से अनुबंधित ठेकेदार ने पंप लगाया था। इन किसानों का कहना है कि जिला खनिज न्यास योजना के तहत यह पंप दिया गया था, लेकिन दो महीने में ही दो हॉर्स पावर का मोटर पंप खराब हो गया। इसकी वजह से वे सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं।

## रेस्क्यू कर इलाज के लिए लाए बीमार तेंदुए की हुई मौत

-संवाददाता-
कोरबा,27 मई 2024 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल की ऐतमा वन परिक्षेत्र के ग्राम कोनकोना में ट्रेंकुलाइज किए गए तेंदुए की मौत हो गई है। बीमार तेंदुआ के इलाज के लिए वन विभाग द्वारा रेस्क्यू कर ट्रेंकुलाइज किया गया था। तेंदुए को बेहोश अवस्था में पिंजरे में डाल कटघोरा वन मंडल के कसेनिया डिपो में रखा गया था। यहां कानन पेंडारी बिलासपुर के पशु चिकित्सक डॉक्टर चंदन अपनी टीम के साथ तेंदुए का इलाज कर रहे थे। रविवार रात करीब 9:30 बजे तेंदुए को कानन पेंडारी शिफ्ट कर दिया



गया। बताया जा रहा है कि यहां देर रात को तेंदुए ने दम तोड़ दिया। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पहले या माना जा रहा था कि गर्मी की वजह से तेंदुआ हीट स्ट्रोक का शिकार हो गया है पर बाद में इलाज के दौरान मैन एक्स जाइटिस की बीमारी से ग्रसित होना पाया गया। वन विभाग के अफसर का कहना है कि पांच साल का तेंदुआ वयस्क था। काफी सुस्त होने की वजह से उसके शिकार की आशंका थी, इसके लिए इलाज करना आवश्यक था। इसलिए तेंदुआ का रेस्क्यू किया गया था। यह बताना होगा कि कोनकोना के जंगल में तेंदुआ को खेत में सुस्त हालत में टहलते रविवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा था। करीब आठ दिन पहले चैतमा वन परिक्षेत्र के राह में बछड़े का शिकार किए जाने से नाराज एक किसान ने जहर देकर तेंदुए को मार डाला था। इस मामले में तीन आरोपियों को विभाग गिरफ्तार कर चुकी है वहीं तेंदुए का अंग काट कर ले जाने वाले आरोपी को अब तक नहीं पकड़ा जा सका है। इस बीच तेंदुए की मौत की यह दूसरी घटना हो गई है। तेंदुए की ट्रेंकुलाइज के बाद हुई मौत से कई सवाल उठ खड़े हुए है



## कटघोरा वन मंडल के जटगा में विलुप्त गिद्धों के संरक्षण के लिए किया जा रहा विशेष प्रयास

-संवाददाता-
कोरबा,27 मई 2024 (घटती-घटना)।

प्राकृतिक संसाधन से भरपूर कोरबा के जंगल विलुप्त होने के कगार पर खड़ी कई प्रजातियों के पशु-पक्षियों के रहवास स्थल भी हैं। इसमें लंबी चोंच वाले गिद्ध भी शामिल हैं। इस प्रजाति के कटघोरा वनमंडल के जटगा स्थित एक पहाड़ी पर 50-51 गिद्ध मिले हैं जो पहाड़ी के ओट में रहते हैं। वाइल्ड लाइफ की नजर इन गिद्धों को बचाने पर है। इसके लिए गिद्धों के प्राकृतिक संरक्षण और बचाव के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली संस्था आईयूसीएन आगे आई है। वाइल्ड लाइफ से संबद्ध इस संस्था की टीम वनमंडल कटघोरा के उस पहाड़ी का दौरा भी कर चुकी है जहां गिद्धों का रहवास स्थल है। टीम ने गिद्धों को लेकर पहाड़ी के आसपास रहने वाले लोगों के साथ बैठक भी की थी। इनके संरक्षण और बचाव को लेकर बातचीत किया। टीम ने इस कार्य में वन विभाग से भी मदद मांगी। क्षेत्र में इस इंजेक्शन की बिक्री न हो इस पर नजर रखने के लिए वन विभाग से अपील किया ताकि विलुप्तता की कगार पर खड़ी गिद्धों के इस प्रजाति को बचाई जा सके।भारत में गिद्धों की 9 प्रजातियां पायी जाती हैं। सभी प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर खड़ी हैं। इसमें कटघोरा के जटगा पहाड़ी पर पायी गई लंबी चोंच वाले गिद्ध भी शामिल हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में भी इस प्रजाति के गिद्ध रहते हैं, जिन्हें इंडियन लांग्स विल्ट वल्चर के नाम से जाना जाता है। यह प्रजाति तेजी से विलुप्त हो रही है इसका बड़ा कारण पांच साल की आयु में इनमें प्रजनन क्षमता को विकसित होना और एक बार जोड़ा बना लेने के बाद जीवन भर साथ रहने के साथ एक वर्ष में एक ही अंडा देना है। इससे इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी नहीं हो रही है।विलुप्त होने के कगार पर खड़े गिद्धों को बचाकर उनकी संख्या बढ़ाने के लिए वाइल्ड लाइफ की टीम प्रयास कर रही है। जटगा के पहाड़ में रहने वाले इन गिद्धों पर नजर रखने के लिए वाइल्ड लाइफ की योजना गिद्धों के शरीर पर एक कम्प्यूटराइज्ड चिप लगाने की है ताकि इनके उड़ान और इनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और इनकी आबादी को बढ़ाई जा सके। कोरबा जैसे जगह पर गिद्धों के मिलने से वन विभाग के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए एक उम्मीद की किरण नजर आ रही है।

## मैत्री महिला समिति एनटीपीसी कोरबा की अध्यक्ष रोली खन्ना ने बालिका सशक्तिकरण के तहत 123 जेम गर्ल्स को नाइट सूट किया वितरित

-संवाददाता-
कोरबा,27 मई 2024 (घटती-घटना)।

श्रीमती रोली खन्ना ने मैत्री महिला समिति की अध्यक्ष के तौर पर एनटीपीसी कोरबा में शामिल होने के पहले दिन ही एनटीपीसी कोरबा के बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत जेम गर्ल्स से की बातचीत और 123 जेम गर्ल्स को नाइट सूट वितरित किया। 25 मई 2024 को श्रीमती रोली खन्ना ने ईडीसी, कोरबा का दौरा किया। श्रीमति कस्तूरी मैत्रा, श्रीमती मीता भट्टाचार्य, श्रीमती कीर्ति साठे और मैत्री महिला समिति (एमएमएस) की अन्य सदस्य काफिले ने जेम गर्ल्स के साथ बातचीत की और उन्हें अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में निर्णय लेने के लिए, सशक्त बनाने के लिए शिक्षित किया। इस दौरान मैत्री महिला समिति ने लड़कियों को अपने बारे में विशेष महसूस कराते हुए,सभी जेम की लड़कियों को उनके



आरामदायक नाइटवियर के रूप में नाइट सूट उपहार में दिया गया, जिसे पाकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखर गई,और काफी खुश दिखी । जेम का उद्देश्य लड़कियों के साथ उनकी समावेशी भागीदारी उन्हें दिन-ब-दिन बेहतर और बेहतर बनने और दुनिया में एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रोत्साहित करती है । साथ ही सफलता और खुशी के लिए प्रयास करने के लिए आगे बढ़ती है जिससे लड़कियां फर्क लाती हैं। इसी सत्र में 27 मई 2024 को, एनटीपीसी कोरबा ने बैच 2024 की जेम लड़कियों के लिए रविवार अभ्यास के रूप में एक अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित किया। शिक्षकों और अभिभावकों के बीच यह बातचीत जेम गर्ल की प्रगति के बारे में बात करने में मदद करती है । बैठक में जेम गर्ल्स के माता-पिता ने इस बैठक को बहुत उपयोगी और सकारात्मक पाते हैं क्योंकि यह अवसर उन्हें प्रश्न पूछने और विचार साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है ताकि माता-पिता और शिक्षक लड़कियों की सीखने और प्रगति यात्रा में भागीदार बन सकें। सत्र ने न केवल लड़कियों को प्रेरित किया बल्कि उनकी शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया। तत्पश्चात उसी दिन शाम को जेम गर्ल्स को एक फिल्म के लिए अम्बेडकर भवन भी ले जाया गया जहां उन्होंने फाइंडिंग निमो देखी और भरपूर आनंद लिया और उनके चेहरे पर एक अदभुत खुशी चमक उठी।

## जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



-संवाददाता-
बलरामपुर,27 मई 2024 (घटती-घटना)।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश पर जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 20 मई 2024 से 09 जून 2024 तक 21 दिवस का खेल प्रशिक्षण जिला मुख्यालय बलरामपुर में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 17 से कम आयु वर्ग के बालक-बलिकाएं लगभग 150 की संख्या में प्रत्येक दिन सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक एवं शाम 4:30 बजे से 6:30 बजे तक विभिन्न विधाओं का खेल का प्रशिक्षण विशेष खेल प्रशिक्षकों के द्वारा दिया जा रहा है। बैडमिंटन एवं व्हालीबॉल खेल का प्रशिक्षण फारेस्ट कालोनी के ग्राउण्ड में तथा फुटबॉल एथलेटिक्स और अन्य विधा के खेल का प्रशिक्षण हायर सेकेंडरी स्कूल बलरामपुर के खेल मैदान में दिया जा रहा है। इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण को सफल बनाने में जिला खेल प्रभारी श्री मारकुस कुजूर,सहयोगी खेल प्रशिक्षक सत्य प्रकाश सिंह, बालेश्वर खलखो,प्रदीप एक्का, सहित अन्य प्रशिक्षकों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोगी रामआ0 ठुनू राम निवासी रूखपुर थाना-तहसील अंबिकापुर ने कराया हैं कि आवेदक के (बडे पिता) शिवनंदन आ0 खोरा राम की दिनाक 25/09/2009 को स्थान निवास में हुई हैं।आवेदक के मृत्यु उपरातं मृत्यु का प्रजीयक नहीं कराया गया हैं। अतः प्रमााण पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्तिा हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
अम्बिकापुर सरगुजा(छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार-अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202405020700159**

विषय :-ब-121 मामलें की श्रेणी :- राजस्व सन् :-2023-2024

**मणिपुर प.ह.नं. 00022 (हे0)**
**पक्षकार का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार -संगीता अग्रवाल**
**अनावेदक पक्षकार -छ0ग0 शासन**

**ईश्तहार**

आवेदिक संगीता अग्रवाल पति राकेश अग्रवाल निवासी,ग्राम-मणिपुर,तहसील,अम्बिकापुर,जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं कि आवेदिका के स्वामित्व एवं अधिपत्य की ग्राम-मणिपुर स्थित खसरा नंबर 504/18 रकबा 0.052 हे0 भूमि को संयुक्त रूप से प्रजीबद्ध विक्रयपत्र के माध्यम से क्रय किया गया हैं जिसका नामांतरण आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर हो चुका हैं। किंतु वर्तमान राजस्व अभिलेखों ऑनलाईन बी-1 में आवेदिका द्वारा उक्त भूमि पर अपना नाम दर्ज कर त्रूटी सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागिय अधिकारी महोदय अंबिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया हैं। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19/06/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा -आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/05/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील

तहसीलदार
अम्बिकापुर,

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0......../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आरती गुप्ता पत्नि स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता जाति रौनियार, निवासी, अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला -सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वमित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम- अंबिकापुर . तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं0 2076/8 ,2077/26 रकबा 0.008 ,0.005 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, नक्सा ,खसरा , रजिस्ट्री, की प्रति आदि सहिंत आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया हैं। जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे निर्धारित सुनवाई तिथि 12/06/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भु-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा एवं से जारी ।

सील

अनुविभागिय अधिकारी
(रा.)अंबिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा, (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0.../अ-6-अ /2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णापाल आ0 तेजू निवासी ग्राम-घंघरी तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 116 के अर्तगत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया हैं कि आवेदक के स्वामित्व एवं अधिपत्य की ग्राम घंघरी स्थि भूमि खसरा नं0 25/1 ,26, 80/1 ,106 ,292/1, 388/1 रकबा क्रमशः 0.060 0.109 0.070 0.032 0.024 0.043 हे0 भूमि आवेदक को फर्द बटवारा में प्राप्त हुई थी किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेखों में उक्त भूमि त्रुटी वश दर्ज नही हो पाया हैं। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को अपने नाम दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया हैं। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/06/2024 न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत पर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर -2

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0......../अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता जन-ग्राम-गोपालपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनीष कुमार लकडा आ0 श्री सामू लकडा जाति उरावं निवासी ग्राम-मानपुर तहसील सूरजपुर जिला -सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम- गोपालपुर प.ह.नं0-08 रा. नि.मं. सूरजपुर तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 306/2 रकबा 0.040 हे0 कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विविध प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 04/06/24 को न्यायालयीन समयावधि से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/05/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

सील

विशेष कर्त्ताव्याअधिकारी
भूमि व्यवर्तन सूरजपुर

# हरमनप्रीत की हैट्रिक से भारत ने अर्जेन्टीना को 5-4 से हराया



**एंटवर्प,27 मई 2024।** बेल्जियम के एंटवर्प में जारी एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अर्जेंटीना को 5-4 से हरा दिया। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत सिंह की शानदार हैट्रिक की मदद से भारत ने ये जीत हासिल की। हरमनप्रीत (29 वें, 50 वें और 52 वें मिनट) के अलावा अराइजीत सिंह हुंदल (सातवें मिनट) और गुरजंत सिंह (18वें मिनट) ने भी भारत के लिए गोल किए।
वहीं अर्जेन्टीना के लिए फेडेरिको मोंजा (तीसरे मिनट), निकोलस कीनन (24 वें मिनट), तादेओ मारुची (54 वें मिनट) और लुकास मार्टिनेज (57 वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। भारत ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले क्वार्टर में अधिकांश समय गेंद पर कब्जा बनाए रखा और सटीक पास देकर अर्जेंटीना के सर्कल में घुसे। हालांकि पहला गोल अर्जेंटीना ने दागा जब फेडरिको ने करीब से गोल करके टीम को 1-0 से आगे किया।
भारत ने जल्द ही बराबरी हासिल कर ली जब अराइजीत ने शानदार मैदानी गोल किया। भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सका और पहला क्वार्टर 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शानदार शुरुआत की। गुरजंत ने बेहतरीन मैदानी गोल दागकर टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई। कीनन ने इसके बाद भारतीय रक्षापंक्ति की चूक का फायदा उठाते हुए सर्कल में प्रवेश किया और गेंद को गोल में पहुंचाकर स्कोर 2-2 कर दिया। हालांकि भारत ने क्वार्टर में एक मिनट शेष रहते हुए पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और हरमनप्रीत ने भारत को 3-2 से आगे कर दिया। तीसरा क्वार्टर में दोनों टीमों ने तेजतर्रार हॉकी का प्रदर्शन किया। भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका क्योंकि हरमनप्रीत के शॉट को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया। दोनों टीमों की रक्षापंक्ति मजबूत होने के कारण तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा। चौथे क्वार्टर में भारत अच्छी लय में दिखा।भारतीय टीम ने अर्जेंटीना को गलतियां करने के लिए मजबूर किया जिससे मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे पेनल्टी स्ट्रोक में बदल दिया गया और हरमनप्रीत ने गोल करके भारत को 4-2 की बढ़त दिला दी। दो मिनट बाद भारत को एक और पेनल्टी स्ट्रोक दिया गया और इस बार भी हरमनप्रीत ने गोल करके भारत को 5-2 से आगे कर दिया।अर्जेंटीना ने तादेओ और लुकास के गोल से हार का अंत कम किया लेकिन भारत को 5-4 से जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाया। भारत का अगला मुकाबला एक जून को जर्मनी से होगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दीपा करमाकर ने इतिहास रचते हुए एशियन चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**नई दिल्ली,27 मई 2024।** भारत की स्टार जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, उन्होंने



जिम्नास्टिक में देश को एशियन सीनियर चैंपियशिप में गोल्ड मेडल दिलाया है। दीपा ये कारनामा करने वाली देश की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। रविवार को उन्होंने वुमेन वॉल्ट में ये मेडल अपने नाम किया।

### ऑस्ट्रेलिया टीम पर मंडराया संकट



**ऑस्ट्रेलिया,,27 मई 2024।** टी 20 वर्ल्ड कप 2024 शुरू होने में अब बस कुछ ही दिन शेष है। इससे पहले वॉर्म अप मैच खेले जाने हैं, जिसकी शुरुआत आज यानी 27 मई से होने वाली है। एक जून को आखिरी वॉर्मअप मैच खेला जाएगा, जो भारत और बांग्लादेश के बीच है। हालांकि, इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम पर एक संकट मंडरा रहा है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया टीम ने दो वॉर्मअप मैच खेलने हैं, लेकिन इसमें से पहले मैच के लिए उनके पास पर्याप्त 11 खिलाड़ी उपलब्ध नहीं हैं।
दरअसल, 28 मई को ऑस्ट्रेलिया की टीम अपना पहला वॉर्मअप मैच खेलने उतरेगी। इस मैच में टीम को अपने सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों से फील्डिंग करानी पड़ सकती है। हालांकि, वे बल्लेबाजी या गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। यहां तक कि जो खिलाड़ी रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल हैं, वह भी वॉर्मअप मैच में उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। यहीं कारण है कि ऑस्ट्रेलिया की टीम को अपने सपोर्ट स्टाफ की जरूरत होगी। वहीं, रिपोर्ट्स की मानें तो पहले वॉर्मअप मैच के लिए सिर्फ 8 खिलाड़ी ही उपलब्ध होंगे, क्योंकि कुछ खिलाड़ी अभी त्रिनिदाद पहुंचे हैं हैं और कई खिलाड़ी आईपीएल 2024 के फाइनल में खेले थे। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया पर संकट है कि वॉर्मअप मैच के लिए सभी खिलाड़ी उपलब्ध होंगे और वहां किसी भई तरह से सपोर्ट स्टाफ को यूज करने की जरूरत नहीं होगी।

# आईपीएल के रियल हीरो के लिए बीसीसीआई ने किया इनाम का ऐलान



**नई दिल्ली,27 मई 2024।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को आईपीएल 2024 के 13 वेन्यू के सभी ग्राउंड स्टाफ और पिच क्यूरेटर के लिए इनाम का ऐलान किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 का खिताब जीत लिया है। चेपॉक स्टेडियम से शाहरुख खान, गौतम गंभीर, रिंकू सिंह से लेकर कप्तान श्रेयस अय्यर तक के जश्न मनाने के अतरंगी तरीके और तस्वीरें यकीनन आपका दिल जीत लेंगी।
वहीं, इस बीच बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भी कुछ ऐसा ऐलान किया है, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। दरअसल,बीसीसीआई ने ग्राउंड्समैन और पिच क्यूरेटर्स के लिए लाखों रुपए के इनाम का ऐलान किया है।
जय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए ग्राउंड स्टाफ और क्यूरेटर्स के लिए यह ऐलान किया।जय शाह ने एक्स पर लिखा, हमारे सफल आईपीएल 2024 सीजन के पीछे अनसंग हीरोज ग्राउंड स्टाफ का अहम योगदान है। इन्होंने खराब मौसम की स्थिति में भी अच्छी पिच तैयार करके दी। 10 नियमित आईपीएल मैदानों के ग्राउंड्समैन और क्यूरेटर को 25-25 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं 3 एक्स्ट्रा मैदानों के स्टाफ को 10-10 लाख रुपए मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद! इस साल का आईपीएल दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स द्वारा अपने शेड्यूल में एक अतिरिक्त घरेलू वेन्यू जोड़ने के बाद देश भर के 13 स्थानों पर खेला गया था।
दिल्ली ने अपने कुछ मैच नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के अलावा विशाखापट्टनम में खेले, पंजाब ने मुल्लांपुर के अलावा धर्मशाला में कुछ मैच खेला जबकि राजस्थान ने जयपुर के बाद गुवाहाटी को अपना दूसरा घरेलू मैदान चुना।
मैच की बात करें तो खिताबी मुकाबले में कोलकाता नाइटराइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 18.3 ओवर में 113 रन पर समेटने के बाद 10.3 ओवर में 2 विकेट पर 114 रन बनाकर सबसे एकतरफा जीत हासिल की।
वेंकटेश अय्यर ने मात्र 26 गेंदों पर नाबाद 52 रन में चार चौके और तीन छक्के लगाए। रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने 32 गेंदों पर 39 रन में पांच चौके और दो छक्के लगाए। अय्यर और रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की।
10 साल से कोलकाता इस इंतज़ार में थी कि वह फिर से आईपीएल की ट्रॉफी उठाए। हर साल वह प्रयास करते रही। उसके लड़ाके संघर्ष करते रहे लेकिन कई बार वो ट्रॉफी के करीब आकर भी अपना सपना पूरा नहीं कर पाए। मगर चेपॉक में 26 मई को कोरबो, लोड़बो, जीतबो रे की कहानी आखिरकार सच हो गई।

## बेसबॉल के दीवाने अमेरिका में टी20 विश्व कप से क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली, 27 मई 2024।** क्रिकेट 18वीं सदी में अमेरिका में मनोरंजन का एक लोकप्रिय माध्यम था लेकिन बेसबॉल की बढ़ती लोकप्रियता के बीच यह गुमनाम खेल की तरह हो गया। एक जून से शुरू हो रहे



टी 20 विश्व कप के जरिये यह खेल उत्तरी अमेरिका में बड़े स्तर पर वापसी कर रहा है, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह स्थानीय दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ने में सक्षम होगा? विश्व क्रिकेट पर आर्थिक रूप से भारत का दबदबा है लेकिन वैश्विक स्तर पर इस खेल का संचालन करने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को अमेरिका के बाजार में बड़ी संभावनाएं दिखती है।
आईसीसी का दावा है कि इस विशाल देश में पहले से ही तीन करोड़ प्रशंसक हैं जो इस खेल को देखते हैं। इस टी 20 विश्व कप को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक के लिए एक प्रमुख कदम के रूप में भी देखा जाता है। इस ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल के बाद वापसी होगी। विश्व कप के ज्यादातर मैचों (55) का आयोजन कैरेबियाई देशों में होगा, इसमें नॉक आउट चरण के साथ फाइनल मैच भी शामिल है। अमेरिका के तीन स्थानों न्यूयॉर्क, डलास और लॉडरहिल में कुल 16 मैच खेले जायेंगे। टी 20 विश्व कप में प्रतिस्पर्धा के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेले जाने वाला मैच अमेरिका में इस टूर्नामेंट का पहला मुकाबला होगा। इसकी मेजबानी न्यूयॉर्क करेगा। यही स्थल नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरने वाले मैच की मेजबानी भी करेगा। दुनिया के सबसे सफल बल्लेबाजों में शामिल रहे वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा ने भी अमेरिका में टी 20 विश्व कप के मैचों को करने का स्वागत किया। उन्होंने कहा,''टी 20 क्रिकेट काफी मनोरंजक होता है और लोग इसे देखना चाहते है। अमेरिका के लोग मनोरंजन ही चाहते है।''

# कांगुवा में दिखेगा जबदस्त एक्शन





**हॉलीवुड के एक्शन और सिनेमेटोग्राफी एक्सपर्ट्स ने संभाली कमान**

कांगुवा इस साल रिलीज होने वाली सबसे बड़ी और धमाकेदार फिल्म होने वाली है। मेकर्स इस फिल्म के जरिए अलग तरह का विजुअल एक्सपीरिएंस देना चाहते हैं। इस फिल्म में बॉबी देओल खलनायक की भूमिका में हैं, वहीं सूर्या वीर योद्धा के किरदार में लोगों के छक्के छुड़ाएंगे। फिल्म में दोनों के बीच घमासान युद्ध देखने को मिलेगा। इस फिल्म में रियल लोकेशन पर कमाल के एक्शन सीन्स देखने को मिलने वाले हैं। 350 करोड़ में बन रही इस फिल्म को एक्शन सीन्स और भी ज्यादा दिलचस्प बनाएंगे।कांगुवा एक बड़ी फिल्म होने वाली है, इसलिए मेकर्स ने बिना किसी समझौते के हॉलीवुड के एक्सपर्ट्स को एक्शन और सिनेमेटोग्राफी जैसे तकनीकी विभागों के लिए बुलवाया है। यह चीज सुनिश्चित करती है कि फिल्म में अगले लेवल का एक्शन होने वाला है। कांगुवा इस साल की सबसे एंबिशियस फिल्म है। ऐसे में मेकर्स ने दर्शकों के लिए एक सिनेमेटिक मास्टरपीस लाने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ी है। ऐसा इसलिए ताकि यह दर्शकों के बीच एक यादगार फिल्म बन जाए। कांगुवा की दुनिया असली और सॉलिड होगी और दर्शकों को एक नया विजुअल अनुभव कराएगी। मानवीय भावनाएं, दमदार प्रदर्शन और बड़े पैमाने पर पहले कभी नहीं देखे गए एक्शन सीन्स फिल्म का मूल होंगे। हाल ही में मेकर्स केरल और कोडईकनाल के जंगलों में सूर्या के साथ एक अहम सीन फिल्माए हैं। पिछले अक्टूबर में मेकर्स ने बैंकॉक में तीन हफ्ते के शेड्यूल में शूटिंग की थी। मेकर्स ने एक्शन सीन्स को और ज्यादा बेहतर बनाने के लिए खास कैमरों का इस्तेमाल किया है। फिल्म में दो अलग-अलग युगों की कहानी है, इसी वजह से अतीत और वर्तमान में कहानी चलेगी, जो 1000 साल की कहानी को दिखाएगी। मेकर्स ने ये ध्यान में रखा है कि दोनों समय को दर्शकों के सामने खूबसूरती से पेश किया जा सके ताकि यह उनके लिए एक यादगार अनुभव बन सके। बता दें, शिवा ने फिल्म के लेखन से लेकर निर्देशन का काम देखा है। इस फिल्म में सूर्या, बॉबी देओल, जगपति बाबू और दिशा पटानी लीड रोल में हैं। फिल्म का म्यूजिक रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने दिया है। वहीं सिनेमैटोग्राफी वेट्री पलानीसामी ने की है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म इस साल के अंत तक रिलीज हो सकती है

# 10:29 की आखिरी दस्तक के हर एपिसोड में दिखेगा मेरे किरदार का रहस्यमय अवतार :आयुषी भावे



अपकमिंग सुपरनैचुरल थ्रिलर 10:29 की आखिरी दस्तक में बिंदू का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस आयुषी भावे ने बताया कि दर्शकों को हर एपिसोड के साथ उनके किरदार में नई परतें देखने को मिलेंगी।किरदार के बारे में बोलते हुए आयुषी ने उत्साह व्यक्त किया और कहा, शो बहुत दिलचस्प है। मेरा किरदार मेरे पहले निभाए गए किरदारों से बेहद अलग है। बिंदू के रूप में मेरा किरदार काफी दिलचस्प है, वह जिंदादिल और दूसरों से हटकर है। दर्शकों को हर एपिसोड के साथ मेरे रहस्यमय किरदार की नई परतें देखने को मिलेंगी।उन्होंने कहा, यह बहुत दिलचस्प होने वाला है, क्योंकि बिंदू का किरदार शो की कहानी का मुख्य केंद्र है, जो रहस्य और जटिलता से भरा हुआ है। यह शो रोंगटे खड़े कर देने वाला है। यह जल्द ही स्टार भारत पर प्रसारित होगा।




# टर्बो के आगे फेल हुए मनोज बाजपेयी और राजकुमार राव...मामूट्टी की फिल्म ने लूटा बॉक्स ऑफिस

मामूट्टी की फिल्म टर्बो का जादू थिएटर्स में चल गया है और फिल्म दर्शकों को खूब एंटरटेन भी कर रही है. फिल्म 23 मई,2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी और रिलीज के साथ ही इसने बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा जमा लिया. टर्बो को रिलीज हुए अभी तीन दिन ही हुए हैं और इसका कलेक्शन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 13 करोड़ के पार हो गया है.सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक टर्बो ने 6.25 करोड़ के कलेक्शन के साथ पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धांसू ओपनिंग की थी. दूसरे दिन फिल्म ने 3.70 करोड़ रुपए कमाए तो वहीं तीसरे दिन भी 4 करोड़ रुपए का धमाकेदार कारोबार किया. सिर्फ मलयालम भाषा में रिलीज हुई फिल्म टर्बो ने तीन दिन में कुल 13.95 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया.टर्बो ने कलेक्शन के मामले में कई हिंदी फिल्मों को धूल चटा दी है, इनमें श्रीकांत और हालिया रिलीज फिल्म भैया जी भी शामिल है. टर्बो जहां 23 मई को थिएटर्स में रिलीज हुई तो वहीं अगले ही दिन मनोज बाजपेयी की भैया जी ने पर्दे पर दस्तक दी. ऐसे में दोनों फिल्मों के बीच क्लैश हुआ जिसमें मामूट्टी स्टारर टर्बो बाजी ले गई. जहां टर्बो ने शनिवार को 4 करोड़ रुपए बटोरे तो वहीं मनोज बाजपेयी की भैया जी 1.75 करोड़ रुपए ही कमा सकी.शनिवार के कलेक्शन में राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत की कमाई भैया जी से ज्यादा थी. लेकिन फिर भी फिल्म टर्बो से पीछे ही रह गई और 2 करोड़ कमा ही पाई.मामूट्टी स्टारर फिल्म टर्बो खुद एक्टर ने ही प्रोड्यूस किया है. फिल्म में सुनील वर्मा, अंजना जयप्रकाश,कबीर दूहन सिंह और राज बी शेट्टी भी अहम भूमिकाएं अदा करते नजर आए हैं.

# फिल्म शिवम भजे से अश्विन बाबू का पहला लुक आया सामने




राजू गारी गाधी और हिडिम्बा जैसी फिल्मों में अपनी प्रमुख भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध अश्विन बाबू अपनी आगामी फिल्म शिवम भजे से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं।फिल्म का बहुप्रतीक्षित पहला लुक आज जारी किया गया, जिसमें अश्विन एक आकर्षक एक्शन से भरपूर अवतार में नजर आए। पोस्टर में भक्तिपूर्ण रूपांकनों को दर्शाया गया है, जो आस्था में गहराई से निहित एक कहानी की ओर इशारा करता है। कैप्शन, जब विश्वास खतरे में होगा, तो दुनिया उसका गुस्सा देखेगी, एक गहन और रोमांचकारी कहानी के लिए स्वर निर्धारित करता है।अश्विन बाबू के साथ दिगांगना सूर्यवंशी भी शामिल हो गई हैं, जो इस एक्शन ड्रामा में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। अप्सर द्वारा निर्देशित और महेश्वर रेड्डी मूली द्वारा उनके गंगा एंटरटेनमेंट बैनर के तहत निर्मित,शिवम भजे एक दिलचस्प सिनेमाई अनुभव देने का वादा करता है।दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म तेलुगु दर्शकों तक ही सीमित नहीं है, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में बहुभाषी रिलीज की योजना है। यह विस्तार फिल्म की कहानी और पात्रों की सार्वभौमिक अपील में फिल्म निर्माताओं के विश्वास को दर्शाता है, जिससे इसकी रिलीज के लिए प्रत्याशा बढ़ जाती है।

# दिव्या अग्रवाल ने अपनी शादी की सारी तस्वीरें डिलीट की



दिव्या अग्रवाल ने अपने पति अपूर्वा पडगांवकर के साथ अपनी शादी की सभी तस्वीरें डिलीट करने के बाद सभी को चौंका दिया और ऐसी अटकलें हैं कि अभिनेत्री अपनी शादी के तीन महीने के भीतर तलाक ले सकती हैं। अगर आप दिव्या का इंस्टाग्राम देखेंगे तो पाएंगे कि उनकी शादी की सभी तस्वीरें उनके अकाउंट से हटा दी गई हैं और नेटिज़न्स सोच रहे हैं कि क्या शादीशुदा जोड़े के बीच कुछ ठीक नहीं है और इसलिए वे तीन महीने के भीतर अलग हो रहे हैं। जबकि अपूर्व ने अपने इंस्टाग्राम पर दिव्या के साथ अपनी कुछ तस्वीरें कैद की हैं और शादी की सभी प्रमुख तस्वीरें हटा दी हैं, जो केवल उनके अलग होने की अफवाहों को हवा देती हैं।दिव्या और अपुरा की शादी 20 फरवरी 2024 को अपने घर पर पारंपरिक तरीके से हुई। जोड़े ने डी-डे का भरपूर आनंद लिया और खुशी-खुशी मीडिया का स्वागत किया। लेकिन ऐसा लग रहा है कि अभी सब कुछ ठीक नहीं है और उनके प्रशंसक केवल यह जानने का इंतजार कर रहे हैं कि शादी के तीन महीने के भीतर ही उनके बीच क्या गलत हुआ।
अपूरा के साथ अपने रिश्ते की घोषणा करने से पहले, दिव्या वरुण सूद को डेट कर रही थीं और उनके अलग होने की अचानक घोषणा ने प्रशंसकों को चौंका दिया और कैसे। और अपूर्वा के साथ दिव्या के नए रिश्ते को बड़े पैमाने पर आंका गया और कैसे। वरुण सूद से ब्रेकअप के तुरंत बाद अपूर्वा के साथ अपने रिश्ते की घोषणा करने के बाद अभिनेत्री को गोल्ड डिगर और कई अन्य नामों से बुलाया जाने लगा।

# हेमचंद माझी को वाय श्रेणी की सुरक्षा बीजेपी सरकार ने दी



रायपुर,27 मई 2024(ए)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हेमचंद माझी को वाय श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। इस संबंध में गृह विभाग मंत्रालय महानदी भवन से आदेश जारी किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा प्रोटेक्शन रिव्यू ग्रुप की बैठक में हेमचंद माझी (नारायणपुर) को सुरक्षा श्रेणी प्रदान किए जाने की अनुशंसा और प्रदेश में वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए, यह आदेश जारी किया गया है।

पुलिस ने बताया कि रविवार रात नक्सलियों ने जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चमेली और गौरदंड गांवों में दो निर्माणाधीन मोबाइल टावरों में आग लगा दी तथा वहां मांझी को धमकी देने वाले पर्चे फेंके। माओवादी पर्चे में मांझी की एक तस्वीर है जिसमें वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री पुरस्कार लेते दिख रहे हैं। पर्चे में माओवादियों ने आरोप लगाया कि मांझी ने नारायणपुर के छोटेडोंगर इलाके में आमदई घाटी लौह अयस्क परियोजना को चालू करने में मदद की थी और इसके लिए उन्हें रिश्वत मिली थी। हालांकि मांझी ने इस आरोप से इनकार किया है। इससे पहले भी नक्सलियों ने मांझी पर यही आरोप लगाए थे और उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। मांझी ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से बात करते हुए माओवादियों के आरोपों का खंडन किया और कहा कि उन्होंने पहले ही ग्रामीणों को स्पष्ट कर दिया था कि लौह अयस्क खदान से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने परिवार से चर्चा के बाद पद्मश्री पुरस्कार लौटाने और अपनी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति बंद करने का फैसला किया है।

## पद्मश्री से सम्मानित वैद्य को मिली नक्सल धमकी,संगठन ने फेंके पर्चे

एक तरफ जहाँ पुलिस और सुरक्षाबल के जवान बस्तर के जंगलों में नक्सलियों पर लगाम कसने में कामयाबी हासिल कर रहे हैं तो दूसरी तरफ नक्सली अपनी मौजूदगी दर्ज कराने आम लोगों को निशाने पर लेने से नहीं चूक रहे। इतना ही नहीं बल्कि नक्सलियों के निशाने पर अब समाजसेवी भी हैं। ऐसे निःस्वार्थ समाजसेवी जो बस्तर जैसे दुर्गम इलाकों में लम्बे वक्त से आदिवासी ग्रामीणों को अपनी सेवाएं देकर उनके जीवनस्तर को सरल सहज बनाने में जुटे हैं। दरअसल नक्सलियों ने इस बार बस्तर के रहने वाले, पद्मश्री सम्मानित वैद्य हेमराज मांझी को जान से मारने की धमकी हैं। नक्सलियों के इस धमकी का खौफ इसलिए भी हैं क्योंकि माओवादी वैधराज हेमचंद मांझी के भतीजे को पहले ही मौत के घाट उतार चुके हैं। गौरतलब हैं कि वैद्य हेमराज मांझी पिछले 50 वर्षों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का उपचार करते रहे है। लेकिन हेमराज मांझी ने नक्सली भय के चलते अपना पद्मश्री अवार्ड सरकार को वापस लौटाने और इलाज बंद करने का फैसला ले लिया हैं। इतना ही नहीं बल्कि हेमराज मांझी बीते 6 महीने से नक्सली भय के चलते अपना गांव छोड़ शहर में रह रहे है। नक्सलियों ने पर्चे की माध्यम से यह धमकी दी हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो नक्सलियों ने पर्चों में लिखा है कि इलाके में संचालित खदानों के लिए हेमचंद मांझी काम करते हैं।



## संक्षिप्त खबर

### रानू साहू और सौम्या चौरसिया की रिमांड बढ़ी



**कोर्ट ने 8 दिन के लिए भेजा जेल**

रायपुर,27 मई 2024(ए)। छत्तीसगढ़ कोल घोटाला केस में ईओडब्ल्यू नलंबित आईएएस रानू साहू और पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया को रायपुर की स्पेशल कोर्ट लेकर पहुंची जिसके बाद मामले में विशेष कोर्ट ने आरोपी निलंबित आईएएस रानू साहू और सौम्या चौरसिया की रिमांड बढ़ा दी है। दोनों निलंबित अफसर 4 दिन की रिमांड पर थे। ईओडब्ल्यू की टीम फिर से दोनों को रिमांड पर लेने की कोशिश करेगी। दूसरी ओर कोयला घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद सौम्या चौरसिया की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। केस की अगली सुनवाई ग्रीष्म कालीन अवकाश 10 जून के बाद होगी।

### आचार संहिता खत्म होते ही होगी शिक्षकों की भर्ती



रायपुर,27 मई 2024(ए)। छत्तीसगढ़ में जल्द ही 10 हजार से अधिक पदों पर शिक्षकों की भर्ती हो सकती है। चार जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद आचार संहिता हटते कई विभागों में भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। स्कूलों के साथ-साथ राजकीय विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भर्ती का रास्ता खुलेगा।

## नक्सल उन्मूलन के नाम पर मारा जा रहा निर्दोष आदिवासियों को

**निर्दोष आदिवासियों की हत्या की जा रही है,जो गहरी चिंता का विषय**



रायपुर,27 मई 2024(ए)। छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन ने कहा है कि बस्तर में आए दिन निर्दोष आदिवासियों की हत्या की जा रही है, जो गहरी चिंता का विषय है। पहले भी फर्जी मुठभेड़ होती रही है पर यह आवृत्ति खतरनाक ढंग से बढ़ गई है। कई वारदातों में तो सरकार ने भी माना है कि निर्दोष मारे गए हैं, पर वहां सरकार ने क्रॉस फायरिंग का बहाना कर दिया। पर अब गांव वाले कह रहे हैं कि कोई क्रॉस फायरिंग नहीं हुई, निहत्थों पर एकतरफा गोलियां चलाई गई।


सीबीए के संयोजक मंडल सदस्य पूर्व विधायक मनीष कुंजाम, सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता बेला भाटिया और मूलवासी बचाओ मंच के रघु पीडियाम ने राजधानी रायपुर के प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हाल ही में पुलिस ने बताया कि बीजापुर के पीडिया और इतावर गांव में मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए लेकिन सच यह है कि 12 में 10 आदिवासी ग्रामीण इन्हीं दोनों गावों के रहवासी थे। अन्य दो वहां मेहमान की तरह आए थे। इन सभी पर तेंदूपत्ता संग्रहण करते समय दौड़ा-दौड़ा कर गोलियां बरसाई गई। गोलियों से 6 ग्रामीण घायल हैं। इनमें एक 15 साल का नाबालिग भी है। इनके आलावा तकरीबन 50 से अधिक ग्रामीणों को पुलिस बंधक बनाकर अपने साथ ले गई थी, जिनमें से अधिकतर की रिहाई हो गई है और कुछ को जेल भेज दिया गया। इस घटना के तुरंत बाद ग्रामीण और पत्रकारों ने इस मुठभेड़ पर सवाल उठाए, पर सरकार में सिर्फ सुरक्षा बलों को बधाई देने के अतिरिक्त कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई है। यहां तक कि थानेदार और जिला पुलिस अधीक्षक ने मृतक और घायल के परिवारों की शिकायत तक लेने से इनकार कर दिया।

**निहत्थों को मारना गलत**

सीबीए ने कहा कि किसी भी निहत्थे व्यक्ति को मारना गलत है, चाहे वह कितना ही बड़ा माओवादी क्यों न हो। सुरक्षा बल केवल आत्मरक्षा में ही फायरिंग कर सकते हैं, पर आये दिन जो वारदात हो रहे हैं, उनमें दिख रहा है कि संदेह पर ही निहत्थे लोगों की हत्या कर रहे है, जो कि गैरकानूनी है। यह भी चिंता कर विषय है कि इतनी सारी फर्जी मुठभेड़ों की शिकायतों के बावजूद शासन-प्रशासन से कोई जवाब नहीं मिलता है। बस्तर में एक भयावह वातावरण उत्पन्न हो गया है। सारे ग्रामीण खौफ में जी रहे हैं। सारकेगुडा की 2012 और एडसमेटा की 2013 की घटना में न्यायिक आयोग ने यह पाया कि निर्दोष ग्रामीणों पर सुरक्षा बल ने एकतरफा फायरिंग की थी। उस मामले में भी अब तक सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

कुंजाम,भाटिया और पोडियाम ने इस मौके पर कहा कि एक तरफ सरकार माओवादियों से वार्तालाप की बात कर रही हैं, दूसरी तरफ इन सबको अनदेखा कर वो अपने ही नागरिकों के मरने पर सुरक्षाबलों की सराहना करती है।

## रोशन चंद्राकर की रिमांड 10 जून तक बढ़ी



रायपुर,27 मई 2024(ए)। 150 करोड़ के कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन घोटाले के आरोपी राइस मिलर रोशन चंद्राकर 10 जून तक ईडी की रिमांड पर दे दिया है । 4दिन पहली रिमांड खत्म होने पर ईडी ने सोमवार को विशेष न्यायालय में पेश किया था। और आगे की पूछताछ के लिए रिमांड बढ़ाने की मांग की थी। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश 14 दिन के लिए 10 जून तक ईडी को कस्टोडियल रिमांड दे दी है। इस घोटाले के अहम किरदार रहे आईटीएस अफसर मनोज सोनी भी रिमांड पर है।

# 2 तहसीलदार,1 उप पंजीयक और 3 पटवारी सहित 10 पर एफआईआर




जांजगीर/चांपा,27 मई 2024 (ए)। जमीन घोटाले में तहसीलदार, उप पंजीयक, पटवारी समेत 10 के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि चांपा तहसील के ग्राम कुरदा में हमनाम व्यक्ति का सरनेम बदलकर जमीन बेच दी थी।पुलिस ने इस पूरे मामले में जमीन का नामांतरण करने वाले तत्कालीन तहसीलदार, पटवारी, रजिस्ट्री कने वाले उप पंजीयक,दो गवाहों , क्रेता और विक्रेता के खिलाफ भादवि की धारा 120 बी, 420,467, 468,469,471,34 के तहत अपराध दर्ज किया है। इस मामले में धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। जिन अदरों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है, उनमें 2 तहसीलदार,1 उप पंजीयक,3 पटवारी सहित 10 लोग शामिल हैं। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। परिवाद दायर होने के बाद कार्रवाई हुई है।जिनके खिलाफ कार्रवाई हुई है, उनमेंविक्रेता संजय कुमार बरेठ , खरीदार साहिल राज देवांगन, गवाह संतोष देवांगन व अभय पांडेय पिता गिरजारमन पांडेय,तत्कालीन पटवारी अरविंद साहू,प्रभारी पटवारी युवराज पटेल,तत्कालीन हल्का पटवारी भूषण मरकाम, तत्कालीन तहसीलदार चांपा डीएस उइके,उप पंजीयक चांपा विजय कुमार दिडतूड़क,तत्कालीन तहसीलदार सरस्वती बंजारे के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज किया है। दरअसल ग्राम पंचायत कुरदा के 15 डिसमिल जमीन को हमनाम होने का फायदा उठाते हुए कुरदा के एक व्यक्ति ने पटवारियों से मिलीभगत कर अपने नाम पर करवा ली। जमीन की रजिस्ट्री कराकर उसे अपने नाम पर अंतरण भी करा लिया। इसके बाद उसे दूसरे को बेच दी। जब वास्तविक मालिक को अपनी जमीन बिकने की जानकारी मिली तो उसन प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां वाद दायर किया। सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामले में दो तत्कालीन तहसीलदार,एक उप पंजीयक, तीन पटवारी,दो गवाह , जमीन खरीदने वाले और जमीन को बेचने वाले सहित दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय के आदेश के बाद सभी दस लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

## छत्तीसगढ़ की बसों को रोकने पर बढ़ा विवाद



रायपुर,27 मई 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ और ओडिशा के ट्रांसपोर्ट यूनियनों में दोनों राज्यों में बसों के संचालन को लेकर विवाद गहराने लगा है। ऐसे हालात में दोनों राज्यों के बीच चल रही यात्री बसों के पहिए 11 जून से थमने की संभावना है। ओडिशा में छत्तीसगढ़ की यात्री बसों को रोके जाने के बाद यातायात महासंघ से जुड़े ऑपरेटरों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी बसें वहां नहीं चलने दी गई तो वे भी ओडिशा से आने वाली बसों को छत्तीसगढ़ में घुसने नहीं देंगे।

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि दोनों राज्यों के बीच अंतरराज्यीय परमिट के तहत बसों का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए नियमानुसार रूट और समय निर्धारित किया गया है, लेकिन ओडिशा के बस मालिक अपने मनमुताबिक इसका संचालन कर रहे हैं। इसकी शिकायत परिवहन सचिव एस. प्रकाश और अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर से की गई है। उन्हें ज्ञापन सौंपकर बताया गया है कि ओडिशा से आने वाली बसें छत्तीसगढ़ में चल रही हैं, लेकिन यहां की बसों को वहां रोककर लौटाया जा रहा है। पिछले दिनों यातायात महासंघ की हुई वार्षिक बैठक में चर्चा करने के बाद तय किया गया था कि जल्द ही इसका समाधान नहीं निकाला गया तो 11 जून से ओडिशा की बसों को छत्तीसगढ़ सीमा पर रोक दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनवर अली ने बताया कि उनकी बसों को ओडिशा में रोका जा रहा है, जबकि अंतरराज्यीय समझौते के तहत ही दोनों राज्यों के बीच बसों का संचालन होता है।

**सवारी बैठाने के लेकर बढ़ा विवाद**

बस मालिकों का कहना है कि एक्सप्रेस ट्रेनों में भीड़ होने और कंफर्म टिकट नहीं मिलने के कारण अधिकांश लोग बसों में सफर करते है। छत्तीसगढ़ से चलने वाली बसों का किराया ओडिशा ट्रांसपोर्ट की अपेक्षा कम होने के और सुविधा को देखते हुए उनकी बसों में सफर करते है। इसे देखते हुए ओडिशा ट्रांसपोर्ट यूनियन के लोग उनकी बसों को चलने नहीं दे रहे हैं जबकि परिवहन विभाग द्वारा समझौते के तहत ही टैक्स, किराया, परमिट और समय निर्धारित किया गया है।

## 14 लाख की लूट,पेट्रोल पंप मैनेजर से नकदी छिनकर बदमाश फरार



राजनांदगांव,27 मई 2024(ए)। सोमवार को नेशनल हाईवे स्थित चिचोला के नजदीक पेट्रोल पंप के एक मैनेजर के साथ लाखों रुपए की लूटपाट की वारदात सामने आई है। मैनेजर पर कथित रूप से धारदार हथियार से हमला भी किया गया है। सीसीटीवी फुटेज में एक सफेद रंग की कार कैद हुई है।

पुलिस ने नेशनल हाईवे के अलावा आसपास के प्रमुख रास्तों में नाकेबंदी कर दी है। सोमवार सुबह लगभग 10.30 बजे मैनेजर के साथ उस वक्त लूटपाट की घटना हुई, जब वह पंप की रकम जमा करने बाईक से राजनांदगांव आ रहा था। पीछे से आ रही एक कार में सवार तीन लोगों ने मैनेजर पर हमला कर दिया और बैग में रखे 14 लाख से ज्यादा रकम लेकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आईजी दीपक झा ने पूरे मामले की बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए हैं। वहीं डोंगरगढ़ एसडीओपी आशीष कुंजाम मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ले रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक घोरतलाव स्थित मारूति फ्यूल के मैनेजर राजाराम विश्नोई 14 लाख रु. बैंक में जमा करने के लिए बाईक से राजनांदगांव निकले थे। जैसे ही वे चिचोला से लगभग 5 किमी दूर झंडातालाब-भरकाटोला के बीच स्थित एक बायो डीजल पंप के पास पहुंचे। पीछे से आ रही एक ब्रेजा कार में सवार तीन लोगों ने मैनेजर पर हमला कर दिया और बैग में रखे 14 लाख से ज्यादा रकम लेकर फरार हो गए। वारदात की खबर जैसे ही पुलिस तक पहुंची, नेशनल हाईवे के अलावा आसपास के प्रमुख रास्तों में नाकेबंदी कर दी गई।

## बारूद फैक्ट्रीकांडःमानव अवशेषों का होगा डीएनए टेस्ट



बेमेतरा-रायपुर,27 मई 2024 (ए)। बेमेतरा में बारूद की फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट मामले में अब कलेक्टर रणवीर शर्मा का बड़ा बयान सामने आया है। घटना के लगभग 36 घंटे के बाद कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि, ब्लास्ट की घटना दुखद है। कलेक्टर ने कहा कि जिन आठ लोग को लापता बताया जा रहा है, उन्हें हम लगातार ढूंढ रहे हैं। लेकिन जिस तरह से बारूद फैक्ट्री के मलबे से बॉडीज के पाट्र्स निकल रहे हैं उसे प्रथमदृष्ट्या यह माना जा रहा है कि वह लोग हमारे बीच नहीं है। कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि,देर रात को रेस्क्यू का काम पूरा किया गया है। ह्यूमन बॉडी के कुछ अवशेष मिले है, जिन्हे डीएनए टेस्ट के लिए भेजा गया। कलेक्टर ने कहा कि, उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन से इस मामले में चर्चा की है। कंपनी प्रबंधन की तरफ से मृतकों के परिजनों को 5-5 लॉक रुपए सहायता राशि दी जाएगी। रणवीर शर्मा ने कहा कि, अभी किसी तरह की एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। पूरे मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच होगी।

# धोखाधड़ी मामले में बैंक मैनेजर हुआ गिरफ्तार

**» ग्राहकों के खातों से निकाले थे 1 करोड़ 84 लाख रुपए**



धमतरी,27 मई 2024(ए)। एचडीएफ सी बैंक में किए धोखाधडी के मुख्य आरोपी बैंक मैनेजर श्रीकांत टेनेटी गिरफ्तार हुआ है। 8.05.24 को आवेदक पीयुष राठौर शाखा प्रबंधक एचडीएफ सी बैंक शाखा कुरूद द्वारा रिपोर्ट किया गया कि एचडीएफसी बैंक कुरूद शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक श्रीकांत टेनेटी एंव उसके सहयोगी तेजेन्द्र साहू द्वारा मिलकर बैंक के संपत्ति का दुर्पयोग बैंक एवं बैंक के खाता धारको के खाते से कुल 1,84,04151/-रूपये (एक करोड चौरासी लाख चार हजार एक सौ इनकावन रूपये) को धोखाधड़ी कर आहरण करने के संबंध में आवेदन पर आरोपीगणों के विरूद्ध थाना कुरूद में अप. क्र. 237/24 धारा 406, 409,420,467, 468,120 (बी) भादवि.कायम कर विवेचना में लिया गया था। जिस पर थाना कुरूद के अधिकारी कर्मचारी एवं सायबर सेल अधिकारी कर्मचारी की संयुक्त टीम द्वारा तकनीकी सहायता एवं मुखबिर सूचना पर आरोपी श्रीकांत टेनेटी का हैदराबाद होने की सूचना पर श्रीकांत टेनेटी को अभिरक्षा में साथ लेकर धमतरी वापस आये जो पूछताछ दौरान ॥छस्स्रष्ट बैंक ग्राहको का पैसा आहरण, फंड ट्रांसफर के माध्यम से बिना सहमति के अपने सहयोगी तेजेन्द्र साहू के साथ मिलकर ग्राहको के खातों का पैसा आहरण, फंड ट्रांसफर, आनलाईन एवं चेक के माध्यम से निकाल कर आपस में बाटना एवं धोखाधडी से प्राप्त रकम में आरोपी श्रीकांत टेनेटी द्वारा रायपुर मोवा में प्लाट खरीदना एवं स्वयं के खाते में 1,20,000/- रू बचत होना स्वीकार करने पर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है एवं अन्य आरोपी तेजेन्द्र साहू का पता तलाश किया जा रहा है। नाम आरोपी - श्रीकांत टेनेटी पिता टी0 कामेश्वर राव उम्र 42 वर्ष साकिन हाउसिंग बोर्ड कालोनी हटकेश्वर मयूर रायचुरिया का मकान धमतरी थाना सिटी कोतवाली

## छत्तीसगढ़ में ई-वे बिल की छूट खत्म




**अब 50 हजार रुपए से अधिक का माल ले जाने पर करना पड़ेगा ई-वे बिल जेनरेट**

रायपुर,27 मई 2024 (ए)। वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग ने कर अपवंचन पर निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. राज्य में ई-वे बिल के प्रावधानों में दी गई छूट को समाप्त कर दिया है. राज्य में व्यवसायियों के लिए अब 50 हजार रुपए मूल्य से अधिक के गुड्स का परिवहन करने पर ई-वे बिल जेनरेट करना आवश्यक होगा. अभी तक राज्य में एक जिले के भीतर माल के परिवहन करने पर ई वे बिल जारी करना आवश्यक नहीं था. साथ ही 15 वस्तुओं को छोड़ कर राज्य के भीतर किसी भी वस्तु के परिवहन पर ई वे बिल कि आवश्यकता नहीं थी.इसकी अधिसूचना सरकार ने 24 मई को ही जारी कर दी थी.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)